
डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 157 | पेज: 8 | जयपुर, शनिवार, 17 मई 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये



## भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता वाले बयान से पलटे ट्रम्प

**● कहा- मैंने सीजफायर नहीं कराया, सिर्फ मदद की ● 10 मई को जानकारी देकर लिया था श्रेय**

**वाशिंगटन/कतर (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प गुरुवार को 5 दिन बाद भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के बयान से पलट गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, लेकिन मैंने मदद की है।

ट्रम्प ने कहा, मैं ये नहीं कहता कि ये मैंने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सैटल करने में मदद की। भारत-पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हो सकता था। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागना शुरू कर दिया और हमने सब सैटल कर दिया। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था। कहा था, मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई। ट्रम्प ने 15 मई को कतर में कहा- मुझे उम्मीद है कि मैं यहां से बाहर नहीं निकलता और दो दिन बाद पता चलता कि मामला सुलझा नहीं है, लेकिन मामला सुलझ गया। मैंने दोनों से व्यापार को लेकर बात की। मैंने कहा कि युद्ध के बजाय व्यापार करें। पाकिस्तान बहुत खुश था, भारत बहुत खुश था। मुझे लगता है कि वे सही रास्ते पर हैं। उन्होंने कहा, वे (भारत-पाकिस्तान) बीते 1000 साल से लड़ रहे हैं। मैंने कहा कि मैं समझौता करा सकता हूं। और मैंने समझौता करा दिया। मैंने कहा कि मुझे इसे निपटाने दो।

- **12 मई- ट्रम्प बोले- हमने भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु जंग रोकी-** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाली परमाणु जंग रोक दी है। उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा- अमेरिका ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में मदद की है। ट्रम्प ने कहा, मुझे यकीन है कि यह सीजफायर स्थायी होगा। दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं, इससे एक भीषण परमाणु जंग छिड़ सकती थी। लाखों लोग मारे जा सकते थे।
- **11 मई- ट्रम्प बोले- कश्मीर मुद्दे पर हल निकालने की कोशिश करूंगा-** मुझे भारत और पाकिस्तान की मजबूत लीडरशिप पर बहुत गर्व है, जिन्होंने ताकत, समझदारी और हिम्मत दिखाकर यह फैसला लिया कि अब मौजूदा तनाव को रोकने का समय है। यह तनाव लाखों लोगों की मौत और तबाही का कारण बन सकता था। लाखों निर्दोष लोग मर सकते थे। मुझे खुशी है कि अमेरिका इस ऐतिहासिक और साहसी फैसले तक पहुंचने में आपकी मदद कर सका।

**महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा हादसा**

## मालगाड़ी के 5-6 डिब्बे पटरी से उतरे

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में गुरुवार दोपहर एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इससे पश्चिम रेलवे के नंदुरबार-सूरत खंड की दोनों लाइनों पर रेल यातायात प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि चंद्रपुर जिले के गुगुस से गुजरात के गांधीनगर जा रही इस मालगाड़ी के इंजन समेत सात डिब्बे जलगांव जिले के अमलनेर स्टेशन पर दोपहर 2:18 बजे पटरी से उतर गए। यह स्थान मुंबई से करीब 350 किलोमीटर दूर है।



**किसी के हताहत होने की सूचना नहीं-** उन्होंने कहा कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मालगाड़ी के चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। उद्धना, भुसावल और नंदुरबार से दुर्घटना राहत ट्रेनें (एआरटी) और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। परिचालन बहाल करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

**श्रीनगर में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जवानों से मिले**

## भारत के माथे पर वार करने वालों की छाती पर घाव किया

**● पाकिस्तान -भीख मांगने वालों की लाइन में सबसे आगे खड़ा मिलता है**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** राजनाथ ने कहा- पाकिस्तान जहां से खड़ा होता है वहां से मांगने वालों की लाइन शुरू हो जाती है। हाल ही में पाकिस्तान आईएमएफ से कर्ज मांगने गया। जबकि भारत उसी आईएमएफ को फंड देता है। रामचरित मानस में कहा गया है जहां सुमति तहं संपति नाना, जहां कुमति तहं विपत निधाना। यानी जहां सुमति होती है वहां संपन्नता आती है। जहां कुमति होती है वहां विपत्ति आती है। हमने तय किया कि धरती की छाती चीरकर दुश्मन के ठिकानों को नष्ट करेंगे। मैं मानता हूं कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ की गई यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। हमने दिखा दिया है कि हम आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने भारत के मस्तिष्क पर वार किया तो हमने उनकी छाती पर वार किया।



**दुनिया जानती है कि हमारी सेना का निशाना अचूक-** साथियों आपको याद होगा लगभग 21 साल पहले स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सामने इस्लामाबाद ने डिक्लेयर किया था कि पाकिस्तान से आतंकवाद एक्सपोर्ट नहीं किया जाएगा, लेकिन पाकिस्तान ने धोखा दिया है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दो टूक शब्दों में आतंकवाद के खिलाफ डिफाइन कर दिया है। उन्होंने कह दिया है कि अब कोई भी आतंकी वारदात एक्ट ऑफ वार मानी जाएगी।

### ● परमाणु हथियारों पर भारत के रुख से सहमा पाकिस्तान!

राजनाथ सिंह के पाकिस्तान के परमाणु हथियारों पर दिए बयान के बाद पाकिस्तान ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि राजनाथ सिंह को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बारे में जानकारी नहीं है और उनका बयान उनकी 'असुरक्षा और निराशा' को दर्शाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पाकिस्तान के परमाणु हथियारों पर दिए बयान पर पाकिस्तान ने भी प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तान ने कह दिया है कि राजनाथ सिंह को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बारे में जानकारी नहीं है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने राजनाथ सिंह के बयान की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान ने फिर से बड़बोलेपन वाले अंदाज में राजनाथ सिंह के बयान के बारे में कहा कि यह उनकी 'असुरक्षा और निराशा' को दिखाता है। पाकिस्तान का दावा है कि वह अपनी रक्षा करने में सक्षम है और उसे भारत से डरने की जरूरत नहीं है।

## आतंकियों की काल बनी सेना, ड्रोन से खोजकर 6 को किया ढेर

**नई दिल्ली/श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के त्राल में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने 6 आतंकियों को मार गिराया। यह एक मकान में छिपे थे। सुरक्षाबलों ने इन्हें ड्रोन की मदद से ढूंढ निकाला और एनकाउंटर कर दिया। मारे गए आतंकियों में एक टॉप कमांडर आसिफ शेख था। इसके अलावा सुरक्षाबलों ने आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट को भी मार गिराया। इस बीच, त्राल में मारे गए एक आतंकी आमिर नजीर वानी का आखिरी वीडियो सामने आया है। इसमें वह अपनी मां से बात कर रहा है। मां ने कश्मीरी में आमिर से कहा- बेटा, सरेंडर कर दो। जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले शोपियां जिले के केलर में 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे।

### मणिपुर के चंदेल में 10 उग्रवादी ढेर

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के चंदेल जिले में गुरुवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। भारत-म्यांमार बॉर्डर पर सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है।

## कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक बयान पर एमपी के मंत्री शाह की मुश्किलें बड़ी

**एफआईआर की भाषा से हाईकोर्ट नाराज, कहा खानापूर्ति कर दी, अब जांच हमारी निगरानी में होगी**

**जबलपुर/नई दिल्ली/भोपाल (एजेंसी)।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री के विवादित बयान पर दर्ज एफआईआर की भाषा पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने गुरुवार को मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर को सिर्फ खानापूर्ति बताया है।

हाईकोर्ट ने कहा कि अब इस पुलिस जांच की निगरानी कोर्ट करेगी। जांच किसी दबाव में प्रभावित ना हो इसलिए ऐसा करना जरूरी है। हाईकोर्ट इस मामले में छुट्टियों के बाद फिर सुनवाई करेगा।



**सुप्रीम कोर्ट बोला- मंत्री से जिम्मेदारी की उम्मीद की जाती है-** इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। आप किस तरह के बयान दे रहे हैं? देखना चाहिए कि कैसे हालात हैं? आप जिम्मेदार पद पर हैं, जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

**हाईकोर्ट की टिप्पणी और राज्य सरकार की दलील-** मध्य प्रदेश सरकार- महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट के आदेश पर बुधवार शाम 7:55 बजे इंदौर के मानपुर थाने में विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। जांच पुलिस कर रही है। हाईकोर्ट- जस्टिस अतुल श्रीधरन ने कहा कि यह किसी हत्या की जांच नहीं है, बल्कि एक आपत्तिजनक भाषण से जुड़ा मामला है। ऐसे में इसमें लंबी जांच की आवश्यकता नहीं है।

### अब सपा के रामगोपाल यादव ने कहा व्योमिका सिंह जाटव हैं

**मुरादाबाद (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ीं कर्नल सोफिया के बाद अब विंग कमांडर व्योमिका सिंह के बारे में विवादित टिप्पणी की गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा रामगोपाल यादव ने उनके लिए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। इनमें कुछ ऐसे शब्द हैं, जो हम लिख नहीं सकते हैं।

गुरुवार को यूपी के मुरादाबाद में रामगोपाल ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग में कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ शामिल विंग कमांडर व्योमिका सिंह हरियाणा की जाटव है... हैं। लेकिन भाजपा ने राजपूत समझकर व्योमिका के बारे में कुछ नहीं कहा, जबकि मुसलमान होने पर भाजपा के मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी को गाली दी।प्रोफेसर रामगोपाल यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा- ऑपरेशन सिंदूर में एयर ऑपरेशन को अंजाम देने वाले एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती यादव हैं।

## गवर्नर-प्रेसिडेंट के लिए डेडलाइन बनाने पर मुर्मू के 14 सवाल

**● पूछा- संविधान में ऐसी व्यवस्था नहीं, फिर सुप्रीम कोर्ट कैसे दे सकता है फैसला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रेसिडेंट और गवर्नर के लिए डेडलाइन तय करने पर सवाल उठाए हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने पूछा कि संविधान में इस तरह की कोई व्यवस्था ही नहीं है, तो सुप्रीम कोर्ट कैसे राष्ट्रपति-राज्यपाल के लिए बिलों पर मंजूरी की समयसीमा तय करने का फैसला दे सकता है। मुर्मू ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से 14 सवाल पूछे हैं। मुर्मू ने राष्ट्रपति और राज्यपाल की शक्तियों, न्यायिक दखल और समय-सीमा तय करने जैसी बातों पर स्पष्टीकरण मांगा है। ये मामला तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था।



## 'पीओके' पर तीसरे देश का दखल मंजूर नहीं

**● जयशंकर ने चीन को भी लताड़ा, ● सिंधु जल संधि स्थगित है और आगे भी स्थगित ही रहेगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (एनएससी) में टीआरएफ आतंकी संगठन के खिलाफ सबूत पेश करने का फैसला किया है। भारत की मांग है कि इस आतंकी संगठन पर बैन लगाया जाए।



टीआरएफ पर बैन लगाने के मामले पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, इस मामले पर वास्तव में भारत को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने साफ तौर पर कहा है पहलगाम हमले के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। विदेश मंत्री ने भारत-पाकिस्तान सैन्य कार्रवाई पर कहा कि दुनिया ने देखा कि पाकिस्तान ने भारत पर हमला करने के लिए चीनी ड्रोन का इस्तेमाल किया। हालांकि, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिल रहा है। वहीं, जयशंकर ने एक बार फिर अमेरिका को इशारों-इशारों में बता दिया कि कश्मीर का मुद्दा द्विपक्षीय है। इस मामले पर किसी भी तीसरे देश का दखल सही नहीं है।

### अब भारतीय हवाई अड्डों पर काम नहीं कर पाएगी तुर्किये की कंपनी सेलेबी, केंद्र ने रद्द की सुरक्षा मंजूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)।विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने भारतीय हवाई अड्डे पर तुर्किये की ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी। यह जानकारी एक आधिकारिक आदेश के जरिए दी गई।

## भाजपा छोड़ टीएमसी में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉन बारला बोले- मुझे आदिवासियों के लिए काम नहीं करने दिया गया

**कोलकाता (एजेंसी)।** बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने उन्हें आदिवासियों के कल्याण के लिए काम नहीं करने दिया। बारला 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार से भाजपा सांसद चुने गए थे। उन्होंने केंद्र सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री के रूप में काम किया था। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बारला की जगह मनोज तिग्गा को अलीपुरद्वार से अपना उम्मीदवार बनाया था, जिसे लेकर उन्होंने खुले तौर पर नाखुशी जाहिर की थी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में मुख्य सचेतक तिग्गा चुनाव जीतने में सफल रहे थे। तृणमूल में आधिकारिक तौर पर शामिल होने के बाद बारला ने कहा, भाजपा में रहने के दौरान मुझे आदिवासी लोगों के हितों के लिए काम करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में मैं आदिवासी आबादी के हितों के साथ न्याय कर सकूंगा।



## लखनऊ में चलती एसी बस में आग, 5 जिंदा जले

**● पिता के सामने बेटा-बेटी की मौत, इमरजेंसी गेट नहीं खुला, बिहार से दिल्ली जा रही थी**

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में गुरुवार सुबह चलती एसी बस में आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं। बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी।



## यूपी में 2000 करोड़ से 5 नई फैक्ट्रियां लगेंगी

**डेयरी के लिए 5 करोड़ तक मिलेंगे**



**लखनऊ (एजेंसी)।** योगी कैबिनेट ने गुरुवार को 10 प्रस्तावों पर मुहर लगाई। प्रदेश में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर 5 सीड यानी बीज पार्कों की स्थापना की जाएगी। पहला पार्क लखनऊ के अटारी में बनाया जाएगा। सीड पार्क बनने से 21 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा, प्रदेश के 5 शहरों में 2 हजार करोड़ की लागत से 5 फैक्ट्रियां खुलेंगी। इन शहरों में प्रयागराज, हापुड़, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और मुजफ्फरनगर शामिल हैं। अब डेयरी प्लांट खोलने के लिए 5 करोड़ रुपए तक सब्सिडी मिलेगी। सोलर पैनल लगाने पर 75केवी (किलोवोल्ट एम्पीयर) तक 50 प्रतिशत और महिला उद्यमियों को 90 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, उड्डयन विभाग में संविदा कर्मियों की सैलरी में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई।

## राहुल गांधी ने 400 लोगों के साथ फुले मूवी देखी

**दरभंगा में बोले-मोदी ने डरकर जाति जनगणना का ऐलान किया**

**दरभंगा, पटना (एजेंसी)।** दरभंगा में एनएसयूआई के 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राहुल गांधी गुरुवार दोपहर 2 बजे पटना पहुंचे। एयरपोर्ट से वो सीधे सिटी सेंटर मॉल पहुंचे।वहां 400 सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ थिएटर में 2 घंटे 9 मिनट की 'फुले' मूवी देखी। राहुल गांधी 4.54 बजे थिएटर से बाहर निकले और एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। यह मूवी समाज सुधारक ज्योतिबा फुले पर आधारित है। वहीं, फिल्म का पास होने के बावजूद थिएटर में एंट्री नहीं मिलने पर कई लोगों ने हंगामा किया।

### ● शो के 400 टिकट बुक, नेताओं की एंट्री नहीं

सिटी सेंटर के आईनोक्स मूवी थिएटर के ऑडिटोरियम- 1 में 2.20 बजे से 5.20 बजे तक के शो के लिए 400 टिकट बुक किए गए हैं। 'फुले' मूवी के शो के लिए स्पेशल पास बांटे गए हैं। इसमें राहुल गांधी की फोटो लगी है और उन्हें 'सामाजिक न्याय का नायक' बताया गया है।



**राहुल बोले- आपको बोलने नहीं दिया जा रहा-** दरभंगा में राहुल ने कहा कि 24 घंटे अत्याचार हो रहा है। आपके खिलाफ पेपर लीक हो रहा है। आपको बोलने नहीं दिया जा रहा है। सही तरीके से जातीय जनगणना होना चाहिए। 90 प्रतिशत आबादी के लिए इस देश में कोई रास्ता नहीं है।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## पाकिस्तान की पोल खुली

आतंकवादियों को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है।

हालात बिगाड़ने की कोशिश

युद्ध जैसी स्थितियों के बावजूद अपने एयरस्पेस को बंद न करना और बॉर्डर के पास अंतरराष्ट्रीय उड़ानें जारी रखना बताता है कि पाकिस्तान जानबूझकर हालात और खराब करना चाहता है। वह हर मुमकिन कोशिश कर रहा है, जिससे भारत की आतंकवाद के खिलाफ जंग बड़े युद्ध में बदल जाए और उसे दुष्प्रचार का मौका मिले। भारत ने अगर जिम्मेदारी न दिखाई होती, तो बात अब तक पूरी तरह बिगड़ चुकी होती। दोनों देशों से शांति की अपील करने वाले वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान की इन हरकतों को भी देखना चाहिए।

जवाब मिल गया

इस्लामाबाद के सारे कदम अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों के उलट हैं। वह खास धार्मिक इमारतों को लक्ष्य कर गोलाबारी कर रहा है, ताकि भारत में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर सके। लेकिन, पूरा देश एकजुट है और सेना के साथ खड़ा है। भारतीय सेना ने भी जवाबी एक्शन में बहुत ही संयम से काम लिया है। बार-बार उकसाए जाने के बावजूद सेना ने केवल लक्षित हमले किए हैं। साथ ही, वह पाकिस्तानी दुष्प्रचार की भी पोल खोल रही है।

आतंकी प्रयास नाकाम

पहलगाम हमले से पाकिस्तान ने कोई भी संबंध होने से इनकार किया था। लेकिन, ऑपरेशन सिंदूर के बाद हर बीतते दिन के साथ उसका यह झूठ बेनकाब हो रहा है। सांबा में घुसपैठ का प्रयास करते 7 आतंकियों को भारतीय जवानों ने मार गिराया। यानी अभी भी पाकिस्तान आतंकियों के सहारे भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश में लगा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी बताया था कि सेना ने जिन आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, वहां से और हमलों की साजिश चल रही थी।

पाकिस्तान के पास विकल्प बहुत ज्यादा नहीं हैं। उसकी अर्थव्यवस्था इस संघर्ष को लंबा नहीं झेल पाएगी, युद्ध को तो वह भूल ही जाए। इसके बाद भी अगर वह दुस्साहस करने की सोच रहा है, तो यह जरूरी हो जाता है कि उस तक पहुंचने वाली मदद को भी रोका जाए।

# "कर्ज के दलदल में पाकिस्तान: IMF लोन पर भारत की नजर

पाकिस्तान इस समय गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। जून 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान पर कुल सार्वजनिक कर्ज 256 बिलियन डॉलर (लगभग 21.6 लाख करोड़ रुपए) हो चुका है, जो देश की कुल GDP का 67% है। इस भारी-भरकम कर्ज का सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी ऋण का है, जिसे पाकिस्तान ने अन्य देशों, अंतरराष्ट्रीय बैंकों और IMF जैसे वैश्विक संस्थानों से लिया है।

चिंताजनक बात यह है कि पाकिस्तान के पास अब सिर्फ 1.3 लाख करोड़ रुपए का विदेशी मुद्रा भंडार बचा है, जिससे वह मुश्किल से तीन महीने का आयात खर्च ही चला सकता है। कर्ज की यह स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि देश में पैदा होने वाला हर बच्चा औसतन 86,500 रुपए के कर्ज के साथ जन्म ले रहा है।

भारत IMF लोन के खिलाफ कर सकता है वोट

अब भारत इस आर्थिक संकट को कूटनीतिक दृष्टिकोण से भी देख रहा है। सूत्रों के अनुसार, भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) से पाकिस्तान को दिए जाने वाले संभावित लोन के खिलाफ वोट कर सकता है। भारत का यह रुख इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पाकिस्तान बार-बार भारत विरोधी गतिविधियों को समर्थन देता आया है, और भारत अब आर्थिक मंचों पर भी उसका विरोध कर सकता है।

चीन बना सबसे बड़ा कर्जदाता

वर्ल्ड बैंक की इंटरनेशनल डेब्ट रिपोर्ट 2024 के अनुसार, चीन ने दिसंबर 2023 तक पाकिस्तान को 28.7 बिलियन डॉलर (लगभग 2.42 लाख करोड़ रुपए) का कर्ज दिया है। यह कर्ज मुख्यतः चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (CPEC) के तहत सड़कों, बिजलीघरों और बंदरगाहों जैसे 433 प्रोजेक्ट्स के लिए लिया गया है। हालांकि, पाकिस्तान सरकार चीन से लिए गए कर्ज की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं करती, जिससे इसकी पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं।

दिसंबर 2024 तक सऊदी अरब ने 9.16 बिलियन डॉलर, यानी करीब 77.2 हजार करोड़ रुपए कर्ज दिया। पाकिस्तान के कुल विदेशी कर्ज में सऊदी अरब की 7% हिस्सेदारी है। यह हिस्सेदारी 2023 में 5% थी।

2019 में 3 बिलियन डॉलर का कैश डिपॉजिट लिया, जिससे हर साल रोलओवर किया जा रहा। 2023 में 300 मिलियन डॉलर तेल और पेट्रोलियम के इम्पोर्ट के लिए लिया। 2024 में 5 बिलियन डॉलर का कैश डिपॉजिट लिया, जिसे 2025 में रोलओवर किया जाएगा।

दिसंबर 2024 तक IMF ने पाकिस्तान को 7.5 बिलियन डॉलर, यानी करीब 64 हजार करोड़ रुपए कर्ज दिया। इसमें 7 बिलियन डॉलर का 37 महीने का एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (EFF) प्रोग्राम भी शामिल है, जिसे सितंबर 2024 में शुरू किया था।

1958 से 2024 तक पाकिस्तान ने IMF से 25 बार में करीब 15 बिलियन डॉलर से ज्यादा कर्ज लिया, जिसमें से कुछ चुका दिया है।

EFF के तहत 7 बिलियन डॉलर की राशि में से सितंबर 2024 में 1 बिलियन डॉलर की पहली किस्त फौरन दी गई। बाकी 6 बिलियन डॉलर अगले 37 महीनों में दिए जाएंगे।

पाकिस्तान कर्ज के जाल में फंस चुका है। विदेशी कर्ज का इस्तेमाल दो प्रमुख चीजों में किया जाता है...

1. कर्ज चुकाने के लिए नया कर्ज: दिसंबर 2020 में चीन ने पाकिस्तान को करीब 12.6 हजार करोड़ रुपए ($1.5 बिलियन) का कर्ज दिया था। इसी समय पाकिस्तान को सऊदी अरब से लिए लोन की किस्त चुकानी थी, जिसमें करीब 8.4 हजार करोड़ रुपए ($1 बिलियन) चले गए।

इसी तरह पिछले साल मार्च में IMF ने पाकिस्तान को लगभग 9.2 हजार करोड़ रुपए ($1.1 बिलियन) का लोन मंजूर किया था। इसके अगले ही महीने पाकिस्तान ने लगभग 8.4 हजार करोड़ रुपए ($1 बिलियन) के मैच्योर हुए यूरो बॉन्ड का पेमेंट कर दिया।

2. विदेशों से जरूरत का सामान खरीदने के लिए: पाकिस्तान पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स और गैस का बहुत बड़ा हिस्सा आयात करता है। सितंबर 2024 के पहले हफ्ते में पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार करीब महज 79.2 हजार करोड़ रुपए ($9.4 बिलियन) बचा था, जिससे वह सिर्फ एक महीना का आयात कर सकता था।

इस समय पाकिस्तान विदेशों में काम कर रहे अपने अधिकारियों को सैलरी भी नहीं दे पा रहा था। ऐसे में IMF ने पाकिस्तान के लिए लगभग 59 हजार करोड़ रुपए ($7 बिलियन) के कर्ज को मंजूरी दे दी। चीन, सउदी अरब और UAE जैसे देशों ने भी पाकिस्तान की मदद का आश्वासन दिया था।

इसके अलावा कर्ज का कुछ हिस्सा सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से रक्षा बजट को बनाए रखने में जाता है। साथ ही बिजली, पेट्रोल, आटा आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी भी कर्ज से फंड की जाती है। प्रशासनिक खर्च, सरकारी वेतन जैसे ऑपरेशनल खर्चों के लिए भी कर्ज लिया जाता है।

मई 2025 को IMF के एग्जीक्यूटिव बोर्ड की अगली मीटिंग होगी। इसमें पाकिस्तान को 1.3 अरब डॉलर यानी करीब 10.9 हजार करोड़ रुपए के कर्ज का रिव्यू किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक भारत 'आतंकवाद' का मुद्दा उठाकर पाकिस्तान को ये पैसा देने का विरोध कर सकता है।

पिछली बैठक में भारत ने पाकिस्तान के बेलआउट पैकेट पर वोटिंग नहीं की थी। हालांकि, इस बार भारत पाकिस्तान को लोन देने के खिलाफ वोट कर सकता है। भारत का तर्क होगा कि पाकिस्तान IMF फंड का गलत इस्तेमाल कर रहा है और इससे आतंकवाद की मदद कर रहा है।

विदेश मामलों के जानकार और JNU के प्रोफेसर राजन कुमार कहते हैं, 'IMF के किसी देश को लोन देने के अलग पैरामीटर्स हैं। IMF मेम्बर्स कई पैमानों पर तय करते हैं कि किसी देश को लोन देना चाहिए या नहीं। इसमें IMF की शर्तें, FATF रैंकिंग और लोन वापस करने की क्षमता को देखा जाता है। भारत मीटिंग में पाकिस्तान के लोन को रुकवाने की कोशिश जरूर कर सकता है, लेकिन पाकिस्तान का लोन रोक पाना फिलहाल मुश्किल है।'

पाकिस्तान को अगले चार सालों में 100 बिलियन डॉलर यानी करीब 8.4 लाख करोड़ रुपए का विदेशी कर्ज चुकाना है। वहीं जुलाई 2025 तक पाकिस्तान को विदेशी कर्ज और ब्याज मिलाकर 30.35 बिलियन डॉलर यानी करीब 2.56 लाख करोड़ रुपए चुकाने हैं।

27 अप्रैल को स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने बताया था कि जून 2025 तक पाकिस्तान का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व बढ़कर 14 बिलियन डॉलर, यानी करीब 1.18 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा। फिर भी पाकिस्तान पर इससे दोगुना कर्ज होगा। ऐसे में कर्ज चुकाना आसान नहीं होगा।

मई 2024 में IMF ने पाकिस्तान के कर्ज चुकाने की क्षमता पर संदेह जताया था। IMF ने कहा कि पाकिस्तान की कर्ज चुकानी की क्षमता पर जोखिम है। यह पाकिस्तान की नीतियों और समय पर बाहरी कर्ज मिलने पर निर्भर करेगा की वे लोन चुका पाएंगे या नहीं।

कर्ज लेना हमेशा देश के लिए खराब नहीं होता। वहीं आमतौर पर इसका महंगाई से कोई सीधा संबंध भी नहीं है। सरकार कर्ज के पैसे को इनकम बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करती है। कर्ज का पैसा जब बाजार में आता है तो इससे सरकार का रेवेन्यू बढ़ता है।

केयर रेटिंग एजेंसी के चीफ इकोनॉमिस्ट मदन सबनवीस के मुताबिक अगर कर्ज के पैसे का गलत इस्तेमाल हो तो महंगाई बढ़ भी सकती है। जैसे- कर्ज लेकर पैसा आम लोगों में बांट दिया जाए तो लोग ज्यादा चीजें खरीदने लगेंगे। इससे बाजार में चीजों की मांग बढ़ेगी। मांग बढ़ने के बाद आपूर्ति सही नहीं रही तो चीजों की कीमत बढ़ेगी।

पाकिस्तान के मामले में स्थिति अलग है। पाकिस्तान के कर्ज लेने से उसके देश में महंगाई बढ़ी है। इसकी वजह IMF ने पाकिस्तान को लोन देने के बदले सब्सिडी बंद करने की शर्त रखी है। इससे चीजों की कीमतें बढ़ जाती हैं।

पाकिस्तान के अलावा दूसरे देश भी कर्ज लेते हैं, लेकिन वे अपने देश के विकास पर कर्ज के पैसे खर्च करते हैं। पाकिस्तान के केस में ऐसा नहीं है। 2014 में पाकिस्तान की GDP 22.8 लाख करोड़ रुपए ($271 बिलियन) थी। अगले 10 सालों में महज 37% बढ़कर 31.5 लाख करोड़ रुपए ($373 बिलियन) हुई। वहीं इसी दौरान भारत की GDP में 92% तक बढ़ोतरी हुई। इससे यह साफ है कि पाकिस्तान कर्ज में लिए पैसों का इस्तेमाल देश के विकास के अलावा दूसरे कामों में करता है। दिसंबर 2024 में भारत पर कुल विदेशी कर्ज करीब 60 लाख करोड़ ($717.9 बिलियन) है। भारत पाकिस्तान की तरह आर्मी को फंड करने या कर्ज चुकाने कर्ज नहीं लेता, बल्कि देश के विकास और सरकारी योजनाओं पर कर्ज के पैसे खर्च करता है। भारत की GDP में होती बढ़ोतरी इसका सबूत है। 2014 में जहां भारत की GDP $2,039 बिलियन, यानी लगभग 172 लाख करोड़ थी, वह 2024 तक 92% बढ़कर $3,909 बिलियन, यानी लगभग 330 लाख करोड़ हो गई है।

2020 में आई कोविड-19 महामारी के बाद से भारत सरकार कई तरह की सब्सिडी भी दे रहा है। जैसे-

80 करोड़ लोगों को हर महीने मुफ्त अनाज

करीब 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर

करीब 9 करोड़ किसानों को सालाना 6 हजार रुपए

PM आवास योजना के तहत दो करोड़ लोगों को घर बनाने में आर्थिक सहायता

विश्लेषण
अश्विनी वैष्णव




## ऑपरेशन सिंदूर : आतंकवाद से निपटने का नया सिद्धांत

पहलगाम में हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला नहीं था- यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। इसके प्रत्युत्तर में भारत ने आतंकवाद-रोधी कार्रवाई की नियम पुस्तिका के पुनर्लेखन का निर्णय लिया। ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों की रक्षा के लिए मोदी सरकार की न बर्दाश्त करने और कोई समझौता नहीं करने की नीति यानी मोदी सिद्धांत की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम संबोधन में आतंकवाद से निपटने के लिए अपने इस सिद्धांत की रूपरेखा प्रस्तुत की। हाल की घटनाओं के आधार पर निर्मित यह सिद्धांत आतंकवाद और बाहरी खतरों पर भारत की प्रतिक्रिया के लिए निर्णायक तौर-तरीके निर्धारित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आतंकी शिविरों पर सैन्य प्रहार शुरू करने तक का हर कदम सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से उठाया जाए और संचालित हो। इस संदर्भ में सरकार ने उत्तेजना में कार्रवाई करने के बजाय रणनीतिक रूप से कार्रवाई के रास्ते को चुना। इससे पाकिस्तान और आतंकी समूह भारत की प्रतिक्रिया का अनुमान नहीं लगा सके। साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर को आश्चर्यजनक तरीके से, सटीकता और पूर्ण प्रभाव के साथ अंजाम देना भी सुनिश्चित हो सका। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत की औपचारिक नीति को व्यक्त करता है। यह भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने आतंकवाद-रोधी उपायों का नया मानक स्थापित किया है जो नई सामान्य स्थिति को प्रकट करता है। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह देश के लाखों लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। इसके माध्यम से दुनिया को भारत की ओर से यह संदेश दिया गया है कि बर्बरता का सामना संतुलित और सटीक बल प्रयोग से किया जाएगा। आतंकवाद के साथ पड़ोसी देश की सांठ-गांठ अब कूटनीतिक आवरण या परमाणु हथियारों की धमकियों से जुड़ी बयानबाजी के पीछे नहीं छिप सकेगी। इस सिद्धांत के पहले प्रमुख स्तंभ में आतंकवादी घटनाओं का भारत की शर्तों पर निर्णायक उत्तर निहित है- भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का भारत की शर्तों पर ही करारा जवाब दिया जाएगा। देश आतंकवाद की जड़ों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इसकी साजिश रचने वाले और प्रायोजक अपनी करनी का फल अवश्य भुगतें।इस सिद्धांत का दूसरा स्तंभ परमाणु हथियारों की धमकी देकर डराए जाने के प्रयासों के प्रति शून्य सहनशीलता है। इसका अर्थ है- भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों या दबाव के आगे बिल्कुल नहीं झुकेगा। इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि परमाणु हथियारों को ढाल बनाकर आतंकवाद का बचाव करने के किसी भी प्रयास का सटीक और निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा। इस सिद्धांत का तीसरा स्तंभ यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के बीच कोई अंतर नहीं है। ऐसी किसी भी घटना के संबंध में भारत न केवल आतंकवादियों को बल्कि उनके समर्थकों- दोनों को उत्तरदायी ठहराएगा। आतंकवादियों को शरण देने वालों, उन्हें धन देने या उनके लिए धन की व्यवस्था करने वालों या आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उनके समान ही परिणाम भुगतने पड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को वैश्विक संदर्भ में प्रस्तुत किया है। आतंकवाद का समर्थन करने और उनको बढ़ावा देने वाले राष्ट्र अंततः अपना विनाश स्वयं कर लेंगे। उन्होंने उनसे आग्रह किया है कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, वे अपने आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर दें। नया सिद्धांत राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है और आतंकवाद के विरुद्ध ठोस एवं दृढ़ रुख की नज़ीर पेश करता है। सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगी कि भारत की संप्रभुता से कोई समझौता न हो। आतंकवाद को लेकर अब रुख पहले जैसा नहीं होगा, यह पहली बार नहीं है जब भारत ने स्पष्ट रूप से साहस के साथ कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2016 में की गई सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट और अब ऑपरेशन सिंदूर तक भारत की शर्तों पर आतंकवाद के विरुद्ध त्वरित और निर्णायक कार्रवाई का स्पष्ट सिद्धांत बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं है - यह स्पष्टता, साहस और आतंकवाद से निपटने के लिए हमारे संकल्प के एक नए युग का आरंभ है।

(लेखक केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और प्रौद्योगिकी तंत्रज्ञान मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## समत्वं योग उच्यते



संकलित
दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग सथित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित
प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारतीय मानवता का सम्मान करें पाक नागरिक

यह बहुत ही स्पष्ट परिदृश्य है कि अंतत : पाकिस्तान के साधारण, लाचार, बेचारे करोड़ों नागरिकों को ही इस प्रकार के युद्ध की बहुत ही बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान के सभी उग्रवादी नेता, आईएसआई के अधिकारी और जनरल-कर्नल वगैरह तो रातों-रात पाकिस्तान छोड़कर अपने प्राइवेट/चार्टेड विमानों से दुनिया के अन्य कई देशों में रहने-जीने के लिए भाग जाएंगे। ये बहुत दुखद लेकिन पूर्ण सत्य है कि करोड़ों सामान्य पाकिस्तानी लोग या तो बहुत ही भोले-भाले, अनभिज्ञ और नासमझ हैं या फिर उग्रवादी किस्म के पकिस्तानी सेना, नेताओं और आईएसआई द्वारा उन्हें हमेशा ही अव्वल दर्जे का बेवकूफ बनाकर रखा जाता है। ऐसी स्थिति में पाक नागरिकों को भारतीय मूल्यों व मानवता का सम्मान करना चाहिए। – *राजेश अग्रवाल, राजनांदगांव*

### X ट्रेंड

#### अदम्य साहस का परिचय



हमारे भारतीय सशस्त्र बलों ने बार-बार अदम्य साहस का परिचय दिया है। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी ढांचे को हिलाकर रख दिया और उनकी बेमिसाल वीरता और बलिदान का एक शानदार उदाहरण बन गया।
-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

#### परीक्षा उत्तीर्ण की बधाई




सभी युवा मित्रों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई, जिन्होंने सीबीएसई की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। यह कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता के फल का आनंद लेने लेने का क्षण है।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

#### नए सिद्धांत को आकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिर्फ भाषण नहीं दिया, उन्होंने भारत के नए सिद्धांत को आकार दिया। उनका संबोधन पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों को कड़ी चेतावनी और दुनिया को देश की ताकत के बारे में स्पष्ट संदेश है।
-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

#### तकनीक को दोस्त बनाएं



मैं सभी युवा भारतीयों से कहना चाहूँगा कि वे तकनीक को अपना सबसे अच्छा दोस्त बनाएँ। हम पहले से ही डिजिटल युग में हैं, और अधिक से अधिक एआई का उपयोग करने की ओर बढ़ रहे हैं।
-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### करंट अफेयर

## यूक्रेन के वायु क्षेत्र में विमान गिराने के लिए रूस जिम्मेदार



अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के परिषद ने यूक्रेन के वायु क्षेत्र में मलेशिया एयरलाइंस की एक उड़ान को 2014 में मार गिराने के लिए मंगलवार को रूस को जिम्मेदार ठहराया। इस घटना में, विमान में सवार 298 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। परिषद के इस निष्कर्ष पर पहुंचने से, पीड़ितों के परिजनों के लिए मुआवजा पाने की संभावना बढ़ गई है। नीदरलैंड नीत अंतरराष्ट्रीय जांच 2016 में पूरी हुई थी, जिसमें यह पाया गया था कि एमस्टर्डम से कुआलालंपुर की उड़ान को 17 जुलाई 2014 को यूक्रेन से अलगाववादियों द्वारा मिसाइल से किये गए हमले में मार गिराया गया था। इस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति रूस ने की थी। हालांकि, मॉस्को ने उड़ान संख्या एमएच 17 घटना में अपनी किसी तरह की संलिप्तता होने से इनकार किया है। नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलियाई सरकारों ने 2022 में मॉन्ट्रियल स्थित वैश्विक विमानन एजेंसी के समक्ष रूस के खिलाफ मामला लाया था और इस फैसले का स्वागत किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में इस मामले को सुलझाया नहीं जा सकता था क्योंकि रूस, नीदरलैंड के हेग स्थित इस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता है। परिषद ने पाया कि रूस ने शिकागो समझौते का उल्लंघन किया है।

### ऑफ बीट

## नियमित व्यायाम डिमेंशिया से बचाव में है कारगर



जैसे-जैसे डिमेंशिया के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोकथाम के उपाय जानने की दिलचस्पी में भी इजाफा हो रहा है। मीडिया में आई खबरों में नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, दिमागी कसरत और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को डिमेंशिया के जोखिम में कमी लाने के लिए कारगर बताया गया है। डिमेंशिया तंत्रिका-तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें याददाश्त, सोचने-समझने एवं फैसले लेने की शक्ति और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। अल्जाइमर (मस्तिष्क के अंदर और उसके आसपास की कोशिकाओं में एमिलॉयड नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) को डिमेंशिया का सबसे आम स्वरूप माना जाता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर 'वैस्कुलर डिमेंशिया' (मस्तिष्क में खून का प्रवाह धीमा पड़ने के कारण होने वाला डिमेंशिया) और 'लेवी बॉडी डिमेंशिया' (मस्तिष्क में 'लेवी बॉडी' नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) के मामले भी सामने आते हैं। डिमेंशिया में तंत्रिका-तंत्र की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे उनमें संचार की प्रक्रिया प्रभावित होती है और व्यक्ति को भ्रम, भूलने की बीमारी और व्यवहार में बदलाव की शिकायत सता सकती है।

रॉयल पत्रिका

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष एवं 'सहकार से समृद्धि' की समीक्षा बैठक

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि राजस्थान में गोदाम निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में अन्न भण्डारण क्षमता बढ़ाने पर विशेष रूप से फोकस करते हुए नये गोदामों का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि विकेन्द्रीकृत व्यवस्था करते हुए खरीद केंद्रों के निकट क्षेत्रों की बजाय अधिक उपभोग वाले क्षेत्रों में ज्यादा गोदाम निर्माण किए जाने की आवश्यकता है। इससे ट्रांसपोर्टेशन पर होने वाले व्यय में कमी आएगी।

डॉ. भूटानी शुक्रवार को शासन सचिवालय स्थित समिति कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 एवं 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही पहलों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सहकारिता से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे गोदामों के निर्माण की बजाय पैक्स को बड़े गोदामों का निर्माण करने के लिए तैयार किया जाए। फसल बीमा का कार्य पैक्स और कॉमन सर्विस सेंटर्स के माध्यम से करवाये जाने के गंभीरता से प्रयास किए जाएं। साथ ही, राज्य की सहकारी समितियों को राष्ट्रीय स्तर पर गठित की गई तीन नवीन सहकारी संस्थाओं का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन समितियों का सदस्य बनने से समितियों को कई प्रकार के लाभ मिलेंगे।

सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ जैन ने कहा कि माननीय केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा खाद वितरण के लिए पैक्स को प्राथमिकता दी जाए तथा इफको एवं कृभको आदि संस्थाओं द्वारा भी इसके लिए पैक्स को ही आवंटन किया जाए। केन्द्र सरकार के स्तर से इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 25 से 30 प्रतिशत अधिक खाद का वितरण पैक्स के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जैन ने कहा कि खाद की पैक्स स्तर तक डिलीवरी की व्यवस्था की जाए तथा जिन पैक्स के पास फर्टिलाइजर लाइसेंस नहीं है, उन्हें दिलवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

जैन ने कहा कि जन-धन केन्द्र लोगों की अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर खोले जाएं। जिन पैक्स का कम्प्यूटराइजेशन किया जा रहा है, उन सभी में कॉमन सर्विस सेंटर बनाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि पैक्स कम्प्यूटराइजेशन की समयबद्ध क्रियान्विति तथा दुग्ध उत्पादकों को अधिक रूपे कार्ड जारी करने के लिए नाबार्ड के स्तर से मॉनिटरिंग व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है।

बैठक में सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने प्रस्तुतीकरण देते हुए अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के



अंतर्गत आयोजित की जा रही गतिविधियों एवं सहकार से समृद्धि कार्यक्रम की विभिन्न पहलों की प्रगति से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि राज्य में 41 हजार से अधिक सहकारी समितियां हैं, जिनके एक करोड़ से अधिक सदस्य हैं।

प्रदेश के लगभग 80 लाख कृषक सहकारिता से जुड़े हुए हैं। श्रीमती राजपाल ने बताया कि तक 4837 पैक्स को गो-लाइव किया जा चुका है और हम मई माह के अंत तक 5000 पैक्स गो-लाइव करने के लक्ष्य के बहुत निकट हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय बीज सहकारी समिति की सदस्यता के लिए राज्य की लगभग 2000 समितियों द्वारा आवेदन किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की तीन नई सहकारी समितियों की नोडल एजेंसी के रूप में राजफेड को नामित किया गया है तथा उनके साथ एमओयू की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। साथ ही, नई एम-पैक्स एवं डेयरी सोसायटी के गठन की दिशा में भी राज्य में अच्छा कार्य हुआ है।

श्रीमती राजपाल ने बताया कि राज्य में 500 मीट्रिक टन क्षमता के 100 गोदाम स्वीकृत किए गए हैं। नवनिर्मित अन्न भण्डारण गोदामों का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री के कर-कमलों से जून माह में करवाया जाना प्रस्तावित है। राज्य में पैक्स द्वारा अतिरिक्त कार्य शुरू किए जाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं और इसमें उल्लेखनीय प्रगति है।

साथ ही, सहकार में सहकारिता के अंतर्गत भी उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5 प्रतिशत अनुदान पर कृषि एवं अकृषि ऋण की योजना को स्वयं सहायता समूहों के लिए विस्तारित किया जा रहा है। राजीविका के उत्पादों को कॉनफेड तथा जिला सहकारी भण्डारों के विक्रय केन्द्रों पर बिना किसी शुल्क के उपलब्ध करवाया जाएगा तथा अन्न आउटलेट खोले जाएंगे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत मनरेगा के माध्यम से पैक्स द्वारा नर्सरी शुरू करने पर फोकस किया जा रहा है। 'म्हारो खातो, म्हारो बैंक' अभियान के तहत डेयरी सोसायटियों के सहकारी बैंकों में खाते खोले जा रहे हैं।

# छात्रवृति में देरी या तकनीकी समस्या के त्वरित समाधान के लिए संस्था प्रधान और विभागीय अधिकारी करें बेहतर समन्वय से काम -निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा छात्र-छात्राओं को तय समयावधि में छात्रवृति उपलब्ध कराने की है। इसमें होने वाले विलंब या समस्या के समाधान के लिए संस्था प्रधान और विभागीय अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ काम कर छात्र-छात्राओं को राहत पहुंचाएं। उन्होंने कहा इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अग्रवाल ने शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मुख्यालय अंबेडकर भवन के सभागार में जिले के लगभग 50 सरकारी और निजी कॉलेजों के प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर छात्रवृति प्रक्रिया को आसान बनाने और छात्र-छात्राओं को प्रक्रिया समझाने और उचित परामर्श के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान या विद्यार्थी स्तर से समय पर आवेदन विभाग को अग्रेषित नहीं किए जाने, विद्यार्थियों द्वारा संस्थान में बायोमैट्रिक नहीं किए जाने, विद्यार्थी द्वारा समय पर आक्षेप पूर्ति नहीं किए जाने संबंधी समस्याओं को सुना और अधिकरियों को इनके त्वरित समाधान के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव ने कहा समस्त संस्था प्रभारी संस्थान स्तर पर छात्रवृत्ति संबंधी कार्मिकों द्वारा प्रतिदिन निस्तारण की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें तथा एक कलैंडर तैयार कर छात्रवृत्ति का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के आवेदनों पर लगने वाले आक्षेपों के निस्तारण के संबंध में एक एसओपी बनाई जाए तथा जिन विद्यार्थियों द्वारा समय पर आक्षेप पूर्ति नहीं की जा रही है या बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करवाई जा रही है उनको व्हाट्सएप, दूरभाष या नोटिस चस्पा कर शीघ्र आक्षेप पूर्ति करवाएं।

अग्रवाल ने संस्थानों को संस्थान छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी का नाम, मोबाइल नम्बर तथा नोडल अधिकारी द्वारा छात्रवृत्ति आवेदनों का निस्तारण करने का समय नोटिस पर चस्पा किए जाने तथा इसकी प्रतिलिपि विभाग को प्रेषित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय जिला अधिकारी प्रत्येक माह अधिक पेंडेंसी वाले शिक्षण संस्थानों



के साथ मीटिंग कर पेंडेंसी की समीक्षा करें तथा प्रतिमाह रिपोर्ट निदेशालय को प्रेषित करें।

निदेशक ने विभागीय जिला अधिकारियों द्वारा संस्थानों के औचक निरीक्षण करने तथा अनियमितता बरतने वाली संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही लाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बायोमैट्रिक ओथेन्टिकेशन के लिए यूडीआईडी द्वारा पंजीकृत एल-1 डिवाइस इस्तेमाल करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान स्तर पर विद्यार्थियों के आवेदन जांच किए जाने दो कर्मचारियों के नियोजन के साथ पोर्टल पर संस्थान या विद्यार्थियों को बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन या उपस्थिति के लिए फेस रिकॉगनेशन की सुविधा भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संस्थान स्तर पर आ रही तकनीकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए निदेशालय की तकनीकी टीम प्रत्येक माह में दो दिवस शिक्षण संस्थानों की तकनीकी समस्याओं का समाधान भी करे।

# जेडीए ने अठाईस बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 ग्वार ब्राह्मण में करीब 01 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। बीलवा फाटक के पास व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बने अवैध गोदाम/वेयर हाऊस की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जोन-14 में निजी खातेदारी करीब 28 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियां को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-14 ग्राम कानोता में खोखावाला से दयारामपुरा तक जेडीए स्कीम कल्पना नगर की करीब 02 कि.मी. एरिया तक सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम ग्वार ब्राह्मण में करीब 01 बीघा सरकारी भूमि पर स्थानीय काष्ताकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से मिट्टी डालकर, रास्ता बनाकर अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से खुर्द-बुर्द किया जाकर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बीलवा फाटक के पास के खसरा नं. 566, 628/2134, 628/2135 हाउसिंग सोसायटी के पट्टे पर में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ टीनषेड़नुमा अवैध गोदाम/वेयर हाऊस का निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 16.05.2025 को उक्त व्यवसायिक अवैध गोदाम/वेयर हाऊस के प्रवेष द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटों की दीवारों से चुनवाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

जेडीए द्वारा जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम पवालियां, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "देव नगर" के नाम से बनाई गई ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम पवालियां, डिग्गी रोड़, जिला जयपुर में करीब 26 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की



बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "वृन्दावन विहार" के नाम से बनाई गई ग्रेवल, सीमेन्ट के ब्लॉक की सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

इसी प्रकार जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कानोता में खोखावाला से दयारामपुरा तक जेडीए स्कीम कल्पना नगर की करीब 02 कि.मी. एरिया तक सरकारी भूमि पर स्थानीय काष्ताकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से पत्थर के कॉलम खडे कर, तारबंदी कर अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, चतुर्थ, द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-14, 11, 13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 817 बीघा सरकारी भूमि व वर्ष 2025 में 401 बीघा आज तक कुल 1218 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है एवं वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 151 आज तक कुल 534 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

# राजस्थान विधान सभा अधिकारी परिषद को विधानसभा अध्यक्ष ने दिलाई शपथ



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधान सभा के अधिकारियों का आव्हान किया कि वे विधान सभा की गरिमा को बनाये रखे। उन्होंने कहा कि विधानसभा में परिवार के सदस्य की भावना से कार्य करें। जो कार्य आपको दिया जाये उसे ईमानदारी और निष्ठा से पूरा करे।

देवनानी शुक्रवार को विधानसभा सचिवालय की नव निर्वाचित अधिकारी परिषद को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विधानसभा के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को कोई समस्या हो तो वह उनसे सीधे आकर मिल सकता है। उन्होंने कहां कि समस्या का निराकरण के पूरे प्रयास किये जायेंगे। इस मौके पर विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा सहित विधान सभा के अधिकारीगण मौजूद थे।

नव निर्वाचित पदाधिकारीगण- दिनेश कुमार शर्मा- अध्यौक्ष, ललित त्रिवेदी- उपाध्यनक्ष, दिनेश कुमार राव- सचिव, शांति कुमार सैनी- कोषाध्यिक्ष, फारूक खान- संगठन सचिव, रविन्द्र नैनावत- संयुक्तु सचिव, सदस्यचकार्यकारिणी- श्रीमती अनिता शर्मा, भागीरथ मल, फतह लाल जनवा, नवीन दाधीच, अजय मीणा।

# वन राज्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 19 मई के प्रस्तावित अलवर दौरे की तैयारियों की गुरूवार को पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने समीक्षा की। उन्होंने जिला मुख्यालय पर सरस डेयरी मैदान में प्रस्तावित किसान सम्मेलन एवं मोती डूंगरी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम के सभा स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।

वन राज्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि दोनों कार्यक्रम स्थलों पर ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए छाया, पेयजल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेडिंग आदि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर लें । उन्होंने सभा स्थल पर समुचित साफ-सफाई व्यवस्था , मेडिकल टीम, चल शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात प्रतिदिन पौधा लगाने के अपने संकल्प के तहत सर्किट हाउस में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## एडवोकेट डिम्पल सोनी बनी राजस्थान प्रदेश महामंत्री

मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। स्वर्णकार सेवा दल के संस्थापक निरंजन कड़ेल प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मीकांत सुनालिया, मुरली कड़ेल, संजय बूटन ने सामूहिक एक मीटिंग गठित कर एडवोकेट डिम्पल सोनी को राजस्थान प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है।

पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष डीके सोनी ने बताया की स्वर्णकार सेवा दल जयपुर जिला अध्यक्ष सपना कड़ेल ने की जयपुर जिला कार्यकारणी की घोषणा जिसमें राकेश कड़ेल, संरक्षक पवन उदावत, महामंत्री सूरज सहदेव, उपाध्यक्ष अशोक कड़ेल,



कोषाध्यक्ष रतनी देवी, सहलाकर मीनू डावर, मंत्री मुरारी रोडा, मंत्री कृष्णा सोनी, सांस्कृतिक मंत्री विक्रम डावर, प्रचार मंत्री श्याम बेवाल, व्यवस्था मंत्री पवन कुल्थिया, अशोक मौसूण को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया।

# छात्रों की लड़ाई अब संवाद से जन आंदोलन की और - विधायक मनीष यादव




मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा देश में शिक्षा व्यवस्था की गिरती हालत और छात्रों की अनदेखी के खिलाफ बिहार में "शिक्षा न्याय संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संवाद की अगुवाई कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर रहे हैं।

कार्यक्रम के तहत बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में संवाद आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें वरिष्ठ नेताओं को ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। पटना के कुम्हरार, पटना टाउन क्षेत्र में आयोजित संवाद कार्यक्रम में शाहपुरा से कांग्रेस विधायक मनीष यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

विधायक यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं—जैसे तीन साल की डिग्री में पाँच साल लगना, सरकारी कॉलेजों की बदतर स्थिति, प्राइवेट शिक्षा का महँगा होना, छात्रों की आवाज़ को दबाना आदि—पर छात्रों के साथ खुलकर चर्चा की।

उन्होंने कहा, "शिक्षा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है। अगर शिक्षा प्रणाली कमजोर होगी, तो देश का भविष्य कैसे मजबूत होगा? यह केवल संवाद नहीं, बल्कि जन-आंदोलन की शुरुआत है।"

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और छात्र हितों की रक्षा के लिए मिलकर आवाज़ उठाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# सीवरेज व नालों की सफाई कराने के निर्देश

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्टर सभाहगार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने जयपुर जिले के दुर्घटना सम्भावना वाले 118 ब्लैक स्पॉर्टस पर चल रहे स्थाई व अस्थाई प्रकृति के रेस्टोरेशन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गो पर स्थित रोड़ कट्स के कारण हो रही दुर्घटनाओ में कमी लाने के लिए रेक्टीफिकेशन कार्यो में शीघ्रता लाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। जिला कलक्टर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को राष्ट्रीय राजमार्गो पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है ताकि रात्रि के समय प्रकाश न होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं मे कमी लाई जा सके।

जिला कलक्टर ने नगर निगम ग्रेटर एवं नगर निगम हेरिटेज के क्षेत्रो में सीवरेज और नालों मे सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए हैं ताकि शहर में बरसात के मौसम में किसी भी प्रकार का जलभराव न हो। बचाव व राहत कार्यो के लिए पर्याप्त संसाधन की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने जे.डी.ए. को उनके क्षेत्र में आ रही सड़कों के गड्ढे भरने के निर्देश दिए ताकि बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भरने के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओ से आमजन को बचाया जा सके। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा, एडीशनल एस.पी. एन.एन.एच. जयपुर पुष्पेन्द्र सिंह, ए.सी.पी. डी.सी.पी. वेस्ट सुरेन्द्र कुमार, ए.सी.पी. कोतवाली उत्तर अनुप सिंह, ए.डी. सी.पी. ईस्ट के.के. अवस्थी, अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग आर.के. सिंह, एस.ई. जे.डी.ए. मोहित चौधरी, एडीशनल डी.सी.पी साउथ पुनमचन्द विश्नोई सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

**- 16 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 8 केन्टर सामान जब्त**

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ के निर्देषानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर, बांगड़, जेके लॉन, नारायण सिंह सर्किल, शान्तिपथ, बिड़ला मन्दिर तथा मानसरोवर जोन के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए शिप्रा पथ से गंगा जमुना पेट्रोल पम्प मानसरोवर तक आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 16 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 8 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर, बांगड़, जेके लॉन, नारायण सिंह सर्किल, शान्तिपथ, बिड़ला मन्दिर तथा मानसरोवर जोन के साथ संयुक्त



कार्यवाही करते हुए शिप्रा पथ से गंगा जमुना पेट्रोल पम्प मानसरोवर तक आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 8 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 16 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# विधानसभा अध्यक्ष ने एज्यूभफेस्टर का शुभारम्भ किया

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को राजस्थारन इन्ट।रनेशनल सेन्टधर में वैदिक मंत्रोच्चासर के साथ दीप प्रज्व् लित कर एज्यूकफेस्टा का शुभारम्भ् किया।

देवनानी ने कहा कि एज्यूरकेशन फेयर युवा पीढ़ी के लिए महत्वकपूर्ण है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की प्रतिभा को पहचान देने के लिए यह अनूठी पहल है। ऐसे अवसरों का युवाओं को लाभ उठाना चाहिए। भविष्यप में केरियर की सम्भा वनाओं की तलाश करने का यह बेहतर मौका है। श्री देवनानी ने एज्यूचफेस्टर में लगाई गई सभी स्टॉशलों को देखा। उन्हों ने एक स्टॉपल पर पहुँचकर कपड़े पर ब्लॉ क पेन्टिंग भी बनाई।

# साँगानेर जोन में पशु प्रबंधन शाखा की बड़ी कार्यवाही

**- 400 किलो अवैध मीट किया जब्त**

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर पशु प्रबंधन शाखा की टीम द्वारा साँगानेर जोन में रामपुरा रोड व एनआरआई सर्किल पर कार्यवाही की गई। इस दौरान बिना लाइसेंस की 8 दुकानों को सीज कर 8 हजार रूपये का कैंरिग चार्ज वसूल किया तथा 400 किलो अवैध मीट एवं 90 जिन्दा मुर्गों को भी जब्त किया गया।

डॉ. राकेश कलोरिया ने बताया कि पशु प्रबंधन शाखा की टीम द्वारा साँगानेर जोन में बिना लाइसेंस की 8 दुकानों को सीज कर 8 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया। कार्यवाही के दौरान 400 किलो अवैध मीट जब्त कर रासायनिक पद्धत्ति से नष्ट किया गया तथा सोमवार से अब तक तीन दिन में पशु प्रबंधन शाखा द्वारा तीस से भी अधिक गोवंश को पकड़कर हिंगोनिया गौशाला भिजवाया गया।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/ 108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# समिति के उद्देश्यों एवं एजेण्डे पर की खुलकर चर्चा

## -रा.उ.मा.वि. हाउसिंग बोर्ड मे कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक का हुआ आयोजन




पाली, (रॉयल पत्रिका)। हाउसिंग बोर्ड स्थित सेठ मुरलीधर जमनादास बारदान वाले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे शुक्रवार को जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान बगड़ी नगर की ओर से कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

संस्थाप्रधान श्रीमती शान्ति चौहान ने बताया कि कार्यक्रम का आगाज माँ सरस्वती की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (समग्र शिक्षा) पाली चन्द्रप्रकाश जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार की बेठको से जो समिति के समक्ष नए व वैचारिक प्रस्ताव आते है उससे शिक्षा जगत मे काफी रोचक बदलाव देखने को मिलते है। समिति संयोजक हरिओम हीरागर एवं डाइटउप प्रधानाचार्य ने मांगीलाल ने समिति की बैठक के उद्देश्यों एवं एजेण्डो पर खुलकर चर्च की। योजना व प्रबन्ध प्रभाग प्रभागाध्यक्ष डॉ. भेराराम प्रजापत ने सभी सदस्यगण को डाइट पचांग सत्र 2025-26 की प्रति उपलब्ध करवाकर कहा कि इस वर्ष निदेशक महोदय आरएससीईआरटी उदयपुर से अनुमति लेकर पाली जिले के मंत्रालयिक कर्मचारियों के लिए आवश्यकता आधारित दो प्रशिक्षण शिविर प्रभाग में जोड़े गए है। इस मोके पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रोहट किशन सिंह राजपुरोहित, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सोजत दलपत सिंह,एसीबीईओ द्वितीय (सोजत) मो. रफीक, वरिष्ठ सहायक मुख्तार अहमद आदि मौजूद रहे।

# मिशन 'बारां शक्ति' से जुड़े हजारों स्वयं सेवक

## -सिविल डिफेंस प्रशिक्षण जारी, अब तक 3000 से अधिक स्वयंसेवकों का पंजीकरण



बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिले में आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मिशन 'बारां शक्ति' के तहत व्यापक स्तर पर सिविल डिफेंस प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आपात स्थितियों जैसे प्राकृतिक आपदाएं, आगजनी, दुर्घटनाएं आदि से प्रभावी रूप से निपटना और आमजन को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाना है।

जिला कलक्टर ने "सेवा ही धर्म, सुरक्षा हमारा कर्म" के स्लोगन के साथ जिले वासियों से अपील की कि वे नागरिक सुरक्षा के लिए संकल्प लें और इस मिशन में सक्रिय भागीदारी निभाएं। मिशन के तहत स्वेच्छा से अब तक 3000 से अधिक नागरिकों ने स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण कराया है। सिविल डिफेंस का यह प्रशिक्षण न केवल जीवन रक्षा के उपाय सिखा रहा है, बल्कि नागरिकों में सजगता, आत्मनिर्भरता और सहयोग की भावना को भी मजबूत कर रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के कोटा रोड स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय, दशहरा मैदान, श्रीराम स्टेडियम, पब्लिक पार्क, निजी संस्थान, काठिया बाबा की बगीची तथा कलमण्डा बालाजी परिसर जैसे प्रमुख स्थलों पर आयोजित किए जा चुके हैं। इन प्रशिक्षण सत्रों में 2000 से अधिक युवाओं, महिलाओं, शिक्षकों, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला कलक्टर ने बताया कि प्रशिक्षण का यह क्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा और विशेष रूप से महिला स्वयंसेवकों को भी इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है, ताकि हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। डीएसओ अनिल चौधरी ने बताया कि जिले में आपदा प्रबंधन एवं सिविल डिफेंस टीम द्वारा नागरिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# पांच दिन बाद फिर खुला त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग, श्रद्धालुओं में खुशी की लहर




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। रणथंभौर टाइगर रिजर्व में स्थित प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश मंदिर के मार्ग को आज वन विभाग ने पांच दिन बाद एक बार फिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया है। यह मार्ग विगत 12 मई को बाघिन के हमले और टाइगर मूवमेंट के कारण सुरक्षा के मद्देनज़र बंद कर दिया गया था।

मुख्य वन संरक्षक अनूप के. आर. के आदेश पर यह निर्णय लिया गया था, जब 11 मई को जोगी महल क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात रेंजर देवेंद्र चौधरी पर एक बाघिन ने हमला कर दिया था, जिसमें उनकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मंदिर तक जाने वाले रास्ते सहित पार्क के जोन नंबर दो और तीन को भी बंद कर दिया गया था।

बताया जा रहा है कि यह बाघिन अत्यंत उग्र स्वभाव की थी और इंसानों को देखते ही आक्रामक हो जाती थी। वन विभाग की सतर्कता और लगातार निगरानी के चलते एक दिन पूर्व यह बाघिन कुतलपुरा गांव की ओर निकल गई, जहां उसे ट्रेंकुलाइज कर भिड़ वन क्षेत्र में बने एंक्लोजर में सुरक्षित स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद वन विभाग ने राहत की सांस ली और मंदिर मार्ग को दोपहर बाद श्रद्धालुओं के लिए पुनः खोल दिया।

हालांकि, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। अब इस मार्ग से केवल RJ-25 नंबर की चारपहिया गाड़ियां और विभाग से अनुबंधित जीप ही प्रवेश कर सकेंगी। पैदल यात्री और दोपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा।

मंदिर मार्ग खुलने के बाद श्रद्धालुओं में खुशी की लहर है, जो अब फिर से त्रिनेत्र गणेश के दर्शन के लिए पहुँच सकेंगे। रणथंभौर में वन्यजीव सुरक्षा और धार्मिक आस्था के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए वन विभाग लगातार प्रयासरत है।

# टोडरा में बैंक ऑफ बड़ौदा का अलार्म बना नींद का दुश्मन



टोडरा/सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। टोडरा कस्बे में बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम का सायरन इन दिनों लोगों की नींद में भारी खलल डाल रहा है। तकनीकी खराबी के कारण यह सायरन अक्सर रात के समय अचानक बज उठता है, जिससे आसपास रहने वाले ग्रामीणों की नींद बार-बार टूट जाती है और शांति भंग हो रही है।

स्थानीय निवासी मुकेश गुर्जर ने बताया कि यह एटीएम फलोदी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा से संबंधित है, जिसे टोडरा गांव में लगाया गया है। बीते कुछ दिनों से इसमें तकनीकी खराबी के चलते रात के किसी भी पहर अलार्म बजने लगता है, जो कभी-कभी कई घंटों तक बंद नहीं होता। यह तब तक लगातार बजता रहता है जब तक अगली सुबह बैंक खुलने के बाद कर्मचारी आकर इसे बंद नहीं करते।

स्थिति यह हो गई है कि ग्रामीण शनिवार और रविवार को दिन और रात के समय भी इस असहज स्थिति का सामना कर चुके हैं। बार-बार की इस परेशानी को लेकर ग्रामीणों ने बैंक कर्मचारियों से कई बार शिकायत भी की है, मगर कोई समाधान नहीं निकल पाया है। इससे ग्रामीणों में बैंक प्रशासन के प्रति नाराज़गी लगातार बढ़ती जा रही है।

गौरतलब है कि कुछ वर्ष पूर्व इसी बैंक में पीछे की दीवार में सेंधमारी कर चोर लॉकर तक पहुंच गए थे, लेकिन लॉकर तोड़ने में असफल रहे थे। उस दौरान बैंक का सुरक्षा सायरन एक बार भी नहीं बजा था। आज वही सायरन अब बेमतलब हर रात बज रहा है, जिससे आसपास के लोगों की रातें परेशानियों में गुजर रही हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि बैंक प्रशासन इस समस्या का तत्काल समाधान करे, ताकि रातों की नींद और दिन की शांति वापस लौट सके। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो लोग विरोध प्रदर्शन का रास्ता भी अपना सकते हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार एवं आई एफ डब्ल्यू जे के राष्ट्रीय अध्यक्ष के विक्रम राव को दी श्रद्धांजलि



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। देश के ख्यातनाम पत्रकार एवं अग्रणी पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव के निधन पर शुक्रवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा का आयोजन आई एफ डब्ल्यू जे संगठन कि सवाई माधोपुर इकाई द्वारा किया गया इस अवसर पर आई एफ डब्ल्यू जे जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने दिवंगत डॉ. विक्रम राव की जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संगठन के सचिव राजेश गोयल ने बताया कि इसके पश्चात दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का शांति मौन रखा गया, उसके पश्चात उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं, एवं जनसंपर्क कार्यालय के कार्मिकों द्वारा उन्हें पुष्पांजलि के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार गिर्राज शर्मा, बजरंग सिंह राजावत, राजमल जैन, सत्यनारायण नावरिया, दिलीप पाटीदार, सुरेंद्र शर्मा, राजेश गोयल, जितेंद्र जैन, शादाब अली, निर्मल सेन, नरेंद्र शर्मा, रोहित गुप्ता, मुकेश कुमार जैन, विद्त जैन, जन संपर्क विभाग के किरोड़ी लाल मीणा, सादिक अली, शिव कुमार शर्मा, शिव चरण आदि मौजूद रहे।

# रा.उ.मा.वि. हाउसिंग बोर्ड मे मेगा पीटीएम में विद्यार्थियो को बांटे परीक्षा परिणाम



पाली (रॉयल पत्रिका) । हाउसिंग बोर्ड स्थित सेठ मुरलीधर जमनादास बारदान वाले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे शुक्रवार को मेगा पीटीएम (छात्र अभिभावक बैठक) मे विद्यार्थियो को परीक्षा परिणाम बांटे गए।

संस्थाप्रधान श्रीमती शान्ति चौहान ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (समग्र शिक्षा) पाली चन्द्रप्रकाश जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थियो के शैक्षिक उन्नयन को बढाने के लिए अभिभावको को प्रतिमाह एक दिवस विद्यालय मे आकर उनकी प्रगति रिर्पोट जाननी चाहिए। जिससे कि उनका परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहे। उन्होने कहा कि शिक्षक हमेशा विधार्थियो के समर्पित रहता हैं । ऐसे मे अभिभावक भी थोडा प्रयास करे तो उसका भविष्य ओर भी बेहतर हो सकता है। उन्होने विभिन्न कक्षाओ मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियो को परीक्षा परिणाम देकर उनका होसला बढाया। इस मोके पर व्याख्याता जूंजाराम पटेल, चन्द्र प्रकाश अगनानी, मीठालाल चांवरिया, श्रीमती सरिता राजपुरोहित, भगवानदास बाबानी, श्रीमती दर्शना शेखावत, श्रीमती जया करमचंदानी, श्रीमती रेखा हाटडिया, श्रीमती स्नेहा चौधरी, श्रीमती मंजू बालोटिया, श्रीमती तेज कंवर, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, श्रीमती सरोज सैन, संजय कुमार सैन समेत विद्यालय स्टाफ समेत अभिभावक मौजूद रहे।

# हज़ारों लाइक की भीड़ में अकेले होते रिश्ते

## -वाई-फाई के सिग्नल से जोड़ दिया है रिश्तों की गहराई को



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। वर्तमान का समय डिजिटल एवं तकनीकी का युग़ है, इस तकनीकी के युग दुनिया स्मार्टफोन की रफ्तार से चल रही है। हर सुबह "गुड मॉर्निंग" के मेसेज से होती है और हर रात इंस्टाग्राम रील्स पर खत्म। एक समय था जब रिश्ते संवाद से बनते थे, मुलाकातों में पनपते थे और तकरारों के बाद भी दिल के तार जुड़े रहते थे। आज का समय अलग है। हम लोगो से जुड़ते जा रहे हैं लेकिन स्क्रीन पर, लेकिन दिलों से, जुबान से और असल ज़िंदगी से हम धीरे-धीरे दूर हो रहे हैं। अब रिश्ते मैमद और ज्लचपदह जैसे शब्दों में सीमित हो गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट, लाइक और कमेंट्स के बीच असली अपनापन कहीं खो गया है। सोशल मीडिया एक ऐसा रंगीन आईना बन चुका है, जिसमें हम सब अपनी सबसे सुंदर तस्वीरें दिखाते हैं, लेकिन दिल की दरारें छुपा लेते हैं। फेसबुक अन्य सोशल मीडिया पर हजारों, लाखों की संख्या में दोस्त हैं, लेकिन ज़रूरत के समय एक भी हाथ थामने वाला नहीं मिलता। आपकी पोस्टों पर हज़ारों लाइक्स तो मिलते हैं, लेकिन मन की बात सुनने वाला कोई नहीं होता।

**रिश्तों का दिखावा, निभाने से ज़्यादा जरूरी हो गया है:-** एक समय था जब रिश्ते चिट्ठियों, पत्रों में जिया करते थे, रिश्तों को इंतज़ार में परखा करते थे और मुलाकातों में महकते थे। आज के समय में रिश्ते इंस्टा, व्हाट्सएप स्टोरी में सीन होकर खत्म हो जाते हैं। किसी की तस्वीर पर दिल या लाईक वाला इमोजी भेजना अब भावनाओं की अभिव्यक्ति माना जाता है। लेकिन सवाल इस बात का है कि क्या ये वाकई जुड़ाव है।

**जब असली जुड़ाव स्क्रीन के पीछे छुप जाए:-** वर्तमान समय में देश का अधिकतर युवा पीढ़ी हर दिन औसतन 4 से 6 घंटे सोशल मीडिया पर बिताते हैं। यही समय वो अपने परिवार, दोस्तों या खुद से जुड़े पल जीने में नहीं दे पाते। आखिर में नतीजा मानसिक दूरी, भावनात्मक अकेलापन और रिश्तों में खोखलापन का निकलता है। व्यक्ति मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है। इसके लिए जरूरी है रिश्तों में गहराई, संवाद में संवेदना, साथ में अपनो के लिए समय और सबसे ज़रूरी रिश्तों में वास्तविक अपनापन।

**रिश्तों की गहराई को वाई-फाई सिग्नल से जोड़ दिया है:-**जैसे ही नेटवर्क जाता है, कनेक्शन टूट जाता है और यहीं हाल अब मानवीय रिश्तों का हो गया है। जो पास हैं, वो दूर हो जाते हैं क्योंकि हम दूर वालों को 'स्टोरी में टैग' करने में व्यस्त हैं। पहले लोग अपनों की आंखों में देख कर हाल-ए-दिल कहा करते थे, अब लोग उस 'फील' को इमोजी में समेटने की कोशिश करते हैं। रिश्तों की गर्माहट अब वाई-फाई की स्पीड पर निर्भर करती है।

**सोशल मीडिया सुविधा या संवेदना का हत्यारा:-** स्वाभाविक है, सोशल मीडिया ने हमें वैश्विक स्तर पर जोड़ने का काम किया है, लेकिन ये जोड़ कहीं न कहीं हमारे भीतर की संवेदना को काट रहा है। जब हम हर सुबह 50 स्टेटस देखकर दिन शुरू करते हैं, तो असली जीवन के 2 लोगों की मुस्कान हमें दिखती ही नहीं। माता-पिता अपने बच्चों को वीडियो कॉल पर गुड नाइट कहते हैं, लेकिन उनके पास बैठकर एक कहानी नहीं सुनाते। हम अपने बुजुर्गों की तस्वीरें व्हाट्सएप पर शेयर करते हैं, पर हफ्तों तक उन्हें गले नहीं लगाते।

समाधान है अपने रिश्तों पर ध्यान दो, समय दो और दिल से जुड़ो हर दिन एक वक्त बिना फोन के बिताएं अपनों के साथ सिर्फ बातचीत करें। वर्चुअल संवाद से पहले वास्तविक संपर्क को प्राथमिकता दें, मिलने की परंपरा को लौटाएं, सिर्फ ऑनलाइन बातों से रिश्ता नहीं बनता। 'थ्ममस पद हैंक' पोस्ट करने से बेहतर है, किसी अपने से बात करें। भावनाओं को शब्दों से नहीं, समय से जताएं वहीं एक घंटा साथ बैठना हज़ार मैसेज से अधिक असरदार होता है।

सोशल मीडिया ने हमें एक नया मंच दिया है आज वर्तमान समय की इस डिजिटल दुनिया में तो बेहद सक्रिय हैं, लेकिन दिलों की दुनिया में खोखले हो चुके हैं। हमारे रिश्ते अब केवल इंस्टाग्राम के फिल्टर पर ही सुंदर लगते हैं, जबकि हकीकत में वे मरुस्थल बन चुके हैं जरूरत है हमें खुद में आत्ममंथन की क्या हम अपने रिश्तों को केवल पोस्ट और लाइक के सहारे जीवित रखना चाहते हैं या फिर फिर से जीना चाहते हैं वो पल जब बिना किसी कैमरे के भी मुस्कान सच्ची होती थी। प्यार जताने के लिए स्टेटस नहीं, साथ चाहिए, रिश्ता निभाने के लिए फॉलोअर्स नहीं, फुर्सत चाहिए।

# जिले में 22 मई को शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर करेंगे जनसुनवाई

बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर 22 मई 2025 को प्रातः 10 बजे जिला परिषद हॉल, प्रथम तल, बारां में खुली जनसुनवाई करेंगे। इस जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य विभाग के कार्यों पर आम जनता से सीधे प्रतिक्रिया प्राप्त करना है। इस खुली सुनवाई में भाग लेने वाले नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी, संस्कृत शिक्षा अधिकारी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद बारां के कार्यालयों में जमा करा दें। जो नागरिक निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा नहीं करा पाते हैं, उनकी प्रतिक्रिया भी सुनवाई के अंत में सुनी जाएगी।

जनसुनवाई के अंत में, मंत्री मदन दिलावर एक घंटे तक स्थानांतरण से संबंधित मामलों के अलावा अन्य कार्यों पर भी विचार करेंगे। इस महत्वपूर्ण जनसुनवाई में पंचायती राज विभाग के जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ शिक्षा, पेयजल, चिकित्सा, विद्त, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

यह खुली जनसुनवाई आम नागरिकों के लिए अपनी समस्याओं और सुझावों को सीधे मंत्री तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जिला परिषद ने सभी नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने और जनसुनवाई में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है।

# डेंगू से बचाव के लिए जिलेभर जागरूकता गतिविधियां

## -रैली निकाल कर दिया बीमारियों से बचने का संदेश




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिले में शुक्रवार को विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। इस वर्ष की थीम देखें, साफ करें, ढकें डेंगू को हराने के उपाय करें रखी गई है।

इस अवसर जिला मुख्यालय पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अमित सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में नर्सिंग छात्र छात्राओं व चिकित्सा विभाग के स्टाफ ने भाग लिया।

इस अवसर पर जिलेभर में एंटीलार्वा गतिविधियां, सर्वे, सैम्पलिंग, एंटी अडल्ट मच्छर नियंत्रण और ओपीडी में लार्वा प्रदर्शन के साथ जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। डेंगू रोग के बचाव के लिए लोगों में जागरूकता के लिए हर वर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। जिलेभर में डेंगू दिवस के दौरान डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम के लिए चिकित्सा सेवा के कार्मिकों द्वारा विभिन्न एन्टीलार्वल गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को जागरूक किया जा रहा है डेंगू को हराने के लिए सतर्कता, सफाई और बचाव ही सबसे महत्वपूर्ण उपाय है। डेंगू जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए मच्छरों के प्रजनन को रोकना अत्यंत आवश्यक है। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है, इसलिए पानी से भरे बर्तनों को ढककर रखना, रसोई, बाथरूम को सूखा रखना और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना जरूरी है। बुखार होने पर तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सालय में जाकर चिकित्सक से परामर्श लेना भी आवश्यक है। जिले के सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हाई रिस्क क्षेत्रों में मच्छररोधी गतिविधियों का आयोजन करवाने के साथ ही जन जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर, नारा लेखन, पम्फलेट वितरण, लार्वा प्रदर्शन और अंतर्विभागीय समन्वय बैठकें आयोजित करें।

बचाव-रोकथाम के लिए ये करें उपाय:- डेंगू रोग मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर साफ पानी में अण्डे देता है और दिन के समय काटता है। डेंगू सहित अन्य मच्छर जनित मलेरिया, चिकनगुनिया बीमारियों से बचाव के लिए घरों के आस-पास पानी इकठ्ठा नही होने देना चाहिए। कूलर, टंकियो को भी सप्ताह में एक बार खाली कर रगड़कर साफ करना चाहिए। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। घर के खिड़की, दरवाजों में मच्छर रोधी जाली का उपयोग करना चाहिए।

डेंगू के लक्षण:- अचानक तेज बुखार आना, कमर, सिर व आँखों में दर्द, मांस पेशियों व जोड़ों में दर्द, थकान व कमजोरी, शरीर पर लाल चकते होना डेंगू रोग के प्रमुख लक्षण हैं। इसलिए बुखार आने पर चिकित्सक को दिखाना चाहिए खून की जांच करवाकर पूरा उपचार लेना चाहिए।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद: ऑनलाइन और ऑफलाइन सम्बन्धी दिशा निर्देश जारी

बारां, (रॉयल पत्रिका)। आगामी रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए आवश्यक गिरदावरी संबंधी नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिला रसद अधिकारी अनिल चौधरी ने बताया कि अतिरिक्त खाद्य आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर के निर्देशों के अनुसार, उन तहसीलों में जहां राजस्व विभाग और भू-प्रबंध विभाग द्वारा भूमि अभिलेखों को ऑनलाइन किया जा चुका है, वहां केवल ऑनलाइन भूमि अभिलेख और गिरदावरी को ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए अधिकृत माना जाएगा।

वहीं, ऐसी तहसीलें जिन्हें अभी तक राजस्व विभाग और भू-प्रबंध विभाग द्वारा ऑनलाइन नहीं किया गया है, उन क्षेत्रों के पंजीकृत किसानों के लिए ऑफलाइन गिरदावरी को मान्यता दी जाएगी। हालांकि, यह ऑफलाइन गिरदावरी संबंधित पटवारी या तहसीलदार द्वारा प्रमाणित होनी चाहिए। डीएसओ ने बताया कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता लाने एवं यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिन क्षेत्रों में अभी तक डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हैं, वहां के किसानों को भी समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने में कोई परेशानी न हो।

# राजकीय छात्रावासो में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

पाली, (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय एवं अनुदानित छात्रावासों तथा आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल 16 मई 2025 से शुरू हुए है।

ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कानाराम पारंगी ने बताया कि छात्रावास में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र sso.rajasthan.gov.in पर नवीन प्रवेश पोर्टल एसजेएमएस के माध्यम से आवेदन कर सकते है। छात्रावास में प्रवेश के लिए सभी वर्गों के छात्र के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिये। प्रवेश के लिए आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30 जुलाई 2025 नियत है। आवासीय विद्यालयों एवं विद्यालय स्तरीय छात्रावासों में प्रवेश के लिये कक्षा 6 से 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्रा को नियमानुसार निःशुल्क प्रवेश दिया जायेगा जिसमें प्रवेशित छात्रों को निःशुल्क आवास, भोजन व युनिफॉर्म की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है।

# उदयपुरवाटी और सूरजगढ़ को मिलेगा कुंभाराम लिफ्ट नहर परियोजना का पानी

झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। जिले को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गत 20 और 21 अप्रैल के दौरे के बाद बड़ी सौगात मिली है। जिले के उदयपुरवाटी और सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्रों के लिए मुख्य अभियंता, जाईका फंडेड प्रोजेक्ट, पीएचईडी ने लासन एवं टुर्बो (एलएंडटी) कंपनी को जल जीवन मिशन के तहत उदयपुरवाटी और सूरजगढ़ के 285 गांवों और 2 कस्बों को पेयजल सप्लाई का स्वीकृति पत्र जारी किया है। इसके तहत कुल 10 हजार 92 करोड़ 22 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है, जिसमें से 10 हजार 23 करोड़ 72 लाख रुपए परियोजना निर्माण की लागत एवं 68 करोड़ रुपए संचालन की लागत है। गौरतलब है कि लगभग डेढ़ दशक से यह मांग लंबित थी, जो आज पूरी हुई है। विभाग ने इस संबंध में एलएंडटी को 2 वर्ष में इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। वहीं आगामी 2 दिन में अनुबंध करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना के पूर्ण होने पर दोनों ही क्षेत्रों में घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल पहुंचाया जा सकेगा। इस संबंध में पूर्व सांसद संतोष अहलावत व उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। गौरतलब है कि दोनों क्षेत्रों में पेयजल संकट को देखते हुए यह प्रोजेक्ट बड़ी राहत का काम करेगा।

# कतर में मुकेश अंबानी की राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात

## वैश्विक व्यापारिक जगत में इसकी खूब चर्चा

**दोहा, एजेंसी।** मुकेश अंबानी ने गूगल और मेटा जैसी प्रमुख अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ भी मजबूत व्यापारिक संबंध बना रखे हैं। ऐसे में ट्रंप और मुकेश अंबानी की मुलाकात रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और निवेश संभावनाओं को और मजबूत करती है।

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कतर के दोहा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कतर के अमीर से मुलाकात की। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद मुकेश अंबानी की उनसे यह दूसरी मुलाकात की है। इससे पहले जनवरी में मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। ट्रंप के साथ मुकेश अंबानी की मुलाकात की वैश्विक व्यापारिक जगत में खूब चर्चा है। यह हाई-प्रोफाइल मीटिंग वैश्विक व्यापार और कूटनीति में मुकेश अंबानी के बढ़ते प्रभाव को दिखाती है।

गौरतलब है कि बीते कुछ सालों में कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी और वहां के सॉवरेन वेल्थ फंड ने रिलायंस वेंचर्स में काफी निवेश किया है। साथ ही मुकेश अंबानी ने गूगल और मेटा जैसी प्रमुख अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ भी मजबूत व्यापारिक संबंध बना रखे हैं। ऐसे में यह बैठक रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और निवेश संभावनाओं को और मजबूत करती है।



अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ निर्णय का मुकेश अंबानी के कारोबार पर असर पड़ा है। उनकी कंपनी रिलायंस ने पिछले साल वेनेजुएला से कच्चा तेल आयात फिर से शुरू करने के लिए अमेरिका से छूट हासिल की थी। लेकिन मार्च में ट्रंप द्वारा दक्षिण अमेरिकी देश से तेल खरीदने वाले देशों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद इसे रोकना पड़ा था। जनवरी में मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। उन्होंने ट्रंप के साथ कैंडल लाइट डिनर में भी भाग लिया था। रात्रिभोज के दौरान दोनों ने उपराष्टपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा से भी मुलाकात की थी। भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी के परिवार के ट्रंप के परिवार के साथ अच्छे संबंध हैं। 2017 में जब डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट के लिए हैदराबाद आईं तो अंबानी वहां मौजूद थे। फरवरी 2020 में जब ट्रंप अमेरिकी राष्टपति के रूप में भारत आए थे तब भी अंबानी मौजूद थे। मार्च 2024 में गुजरात के जामनगर में मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और मंगेतर राधिका मर्चेंट के प्री वेडिंग समारोह में भी डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका, उनके पति जेरेड कुशनर और उनकी बड़ी बेटी अरेबेला रोज शामिल हुए थे। उन्होंने समारोह में पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर भाग लिया था। वे यहां तीन दिन तक रहे थे।

# जापान को पीछे छोड़ एशिया में भारत सबसे पसंदीदा शेयर बाजार, चीन तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में आए दिन नए कीर्तिमान रचने वाला भारत अब निवेशकों की पसंद भी बनता जा रहा है। जापान को पीछे छोड़कर भारत का शेयर बाजार एशिया में सबसे पसंदीदा बाजार बनकर उभरा है। चीन तीसरे नंबर पर है। जापान को पीछे छोड़कर भारत एशिया में सबसे पसंदीदा शेयर बाजार बनकर उभरा है। बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) के ताजा सर्वे के अनुसार, 42 फीसदी फंड प्रबंधकों ने भारत को एशिया में निवेश के लिए सबसे बेहतर माना है। 39 फीसदी के साथ जापान दूसरे, 6 फीसदी के साथ चीन तीसरे और तीन फीसदी के साथ सिंगापुर चौथे स्थान पर रहा।

इससे पहले फरवरी में भारत दूसरा सबसे कम पसंदीदा शेयर बाजार रहा था। सर्वे के मुताबिक, टैरिफ के असर के बाद भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में परिवर्तन का सबसे बड़ा फायदा हो सकता है। सर्वे में 208 पैनलिस्ट्स शामिल थे। इनके पास कुल 522 अरब डॉलर की संपत्ति है।

जापान का निक्केई-225 इस साल अब तक 4.4 फीसदी गिर चुका है, जबकि भारत का निफ्टी-50 इंडेक्स चार फीसदी की बढ़त में है। सर्वे में कहा गया है कि लगातार बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत को अब एक स्थिर, भरोसेमंद और विकास केंद्रित बाजार के रूप में देखा जा रहा है। अगर यह रुझान जारी रहता है, तो आने वाले महीनों में भारत में विदेशी निवेश एवं इक्विटी रिटर्न में और मजबूती देखने को मिल सकती है।

# भारत- पाकिस्तान में हुआ तनाव और बर्बाद हो गई यह चाइनीज कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पाकिस्तान अपने रक्षा उपकरणों का अधिकांश हिस्सा चीन से आयात करता है। 2019 से 2023 के बीच पाकिस्तान के 82 प्रतिशत रक्षा आयात चीन से हुए, जो 2009-2012 के बीच के 51 प्रतिशत के आंकड़े से कहीं ज्यादा है।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। उसके बाद पाकिस्तान युद्ध पर अमादा हो गया और बिना किसी आधिकारिक एलान के वह युद्ध के मैदान में उतर गया, हालांकि भारत की लड़ाई आज भी पाकिस्तान के खिलाफ नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया जिसमें आतंकियों के करीब 9 ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया।

संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने भारत पर मिसाइल से लेकर ड्रोन तक से हमले किए, लेकिन भारतीय डिफेंस सिस्टम ने हमले को



पूरी तरह से नाकाम कर दिया। इस संघर्ष के बीच एक बड़ी चीज देखने को मिली और वो यह है कि संघर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ लेकिन कंपनियां चीन की बर्बाद हो रही हैं। आइए समझने की कोशिश करते हैं कि इसके पीछे क्या राज है?

युद्धविराम की घोषणा के बाद भारतीय बाजार में जहां शानदार हरियाणी देखने को मिली, वहीं चाइनीज स्टॉक मार्केट में तबाही नजर आई, खासतौर पर चाइनीज डिफेंस स्टॉक में। चीन के प्रमुख डिफेंस स्टॉक में 9 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। दरअसल यह पूरा मामला भारत के डिफेंस सिस्टम से जुड़ा हुआ है। चीन की जे-10सी लड़ाकू विमान निर्माता कंपनी के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई, जो करीब 9त्न लुढ़क गए। वहीं, सैन्य और नागरिक जहाज बनाने वाली चाइना शिपबिल्डर कॉरपोरेशन के शेयरों में 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। इलेक्ट्रॉनिक डिफेंस उपकरण बनाने वाली Zhuzhou Hongda Electronics Corp Ltd के शेयर भी 6 प्रतिशत से अधिक टूट गए। बता दें कि यह कंपनी मिलिट्री डोन भी बनाती है और इसके ड्रोन का इस्तेमाल पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ किया जिसे भारत ने नाकाम कर दिया।Zhuzhou मिसाइलें भी बनाती है और पाकिस्तान ने इसी के बनाए पीएल-15 मिसाइलें दागी जिसे भारत ने आसमान में ही ध्वस्त कर दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पाकिस्तान अपने रक्षा उपकरणों का अधिकांश हिस्सा चीन से आयात करता है। 2019 से 2023 के बीच पाकिस्तान के 82 प्रतिशत रक्षा आयात चीन से हुए, जो 2009-2012 के बीच के 51प्रतिशत के आंकड़े से कहीं ज्यादा है।

# 2.86 फिटमेंट फैक्टर के बाद भी कर्मचारियों के वेतन में होगी मामूली वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल जनवरी में जब से केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की है, उसके बाद से लगातार फिटमेंट फैक्टर को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। फिटमेंट फैक्टर वह आधार है, जिस पर केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनधारकों के नए मूल वेतन की गणना की जाएगी। 1.2 करोड़ से अधिक कर्मचारी और पेंशनर्स यह जानने के लिए बेताब हैं कि उनके वेतन और पेंशन में वास्तविक रूप से कितनी बढ़ोतरी होगी। विभिन्न कर्मचारी संगठन 2.86 फिटमेंट फैक्टर की मांग कर रहे हैं। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि वास्तविक वेतन वृद्धि इससे कम हो सकती है, क्योंकि फिटमेंट फैक्टर का बड़ा हिस्सा मुद्रास्फीति समायोजन के लिए जाता है।

विभिन्न कर्मचारी संगठन ऊंचे फिटमेंट फैक्टर की मांग कर रहे हैं। कुछ कर्मचारी संगठन 2.86 फिटमेंट फैक्टर की मांग कर रहे हैं, ताकि वेतन और पेंशन में अच्छी खासी बढ़ोतरी हो सके। फिटमेंट फैक्टर मूल वेतन पर लागू होता है। उदाहरण के लिए, यदि 8वां वेतन आयोग 1.92 का फिटमेंट फैक्टर सुझाता है, तो न्यूनतम मूल वेतन 18,000 रुपए से बढ़कर 34,560 रुपए हो जाएगा। वहीं अगर फिटमेंट फैक्टर 2.86 रहता है, तब मूल वेतन बढ़कर 51,480 रुपए तक पहुंच सकता है। हालांकि, विशेषज्ञों के



अनुसार, फिटमेंट फैक्टर का बड़ा हिस्सा महंगाई भत्ते (डीए) और मुद्रास्फीति समायोजन के लिए उपयोग होता है, जिससे वास्तविक वेतन वृद्धि सीमित रहती है। पूर्व वित्त सचिव सुभाष गर्ग ने कहा कि 2।86 का फिटमेंट फैक्टर असंभव है, और यह 1.92 के आसपास रह सकता है, जिससे वेतन वृद्धि अपेक्षाकृत कम होगी।

### पुराने वेतन आयोग से तुलना

इतिहास बताता है कि फिटमेंट फैक्टर और वास्तविक वेतन वृद्धि में बड़ा अंतर होता है।6वें वेतन आयोग (2006) में फिटमेंट फैक्टर 1.86 था, लेकिन वास्तविक वेतन वृद्धि 54 फीसद हुई थी। इसके विपरीत, 7वें वेतन आयोग (2016) में फिटमेंट फैक्टर 2.57 था, लेकिन वास्तविक वेतन वृद्धि केवल 14।2 फीसद थी। 7वें वेतन आयोग में 2.57 के फिटमेंट फैक्टर में से 2.25 फीसद मौजूदा वेतन और 125 फीसद महंगाई भत्ते के समायोजन के लिए इस्तेमाल किया गया, जबकि केवल 0.32 फीसद वास्तविक वेतन वृद्धि के लिए इस्तेमाल किया गया।इससे स्पष्ट है कि फिटमेंट फैक्टर का अधिकांश हिस्सा मुद्रास्फीति समायोजन में चला जाता है, जिससे कर्मचारियों को नया पैसा कम मिलता है।

### कर्मचारी संगठनों की मांग

नेशनल काउंसिल-जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी जैसे विभिन्न कर्मचारी संगठन 2।86 या उससे अधिक फिटमेंट फैक्टर की मांग कर रहे हैं, ताकि वेतन और पेंशन में पर्याप्त वृद्धि हो सके। NC-JCM के सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि मुद्रास्फीति की गति को देखते हुए फिटमेंट फैक्टर 7वें आयोग से अधिक होना चाहिए। हालांकि, सरकार की सहमति इस मांग पर आसान नहीं दिखती। कर्मचारी संगठन न्यूनतम वेतन को 34,000 से 51,480 रुपए तक बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि वास्तविक वृद्धि इससे कम होगी।

### सरकार की तैयारियां

वित्त मंत्रालय ने पिछले महीने दो सर्कुलर जारी कर 8वें वेतन आयोग के लिए 40 कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी है। ये पद विभिन्न सरकारी विभागों से डेपुटेशन पर भरे जाएंगे। सरकार जल्द ही आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस को अंतिम रूप देगी, जिसके बाद चेयरमैन और प्रमुख सदस्यों की नियुक्ति होगी। 8वां वेतन आयोग 1 जनवरी 2026 से लागू होगा, क्योंकि 7वां वेतन आयोग 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। वर्तमान में 47 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 65 लाख पेंशनर्स इस आयोग की सिफारिशों का इंतजार कर रहे हैं।

### सरकार पर वित्तीय बोझ

7वें वेतन आयोग के लागू होने से सरकार पर 1.02 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ा था। अगर फिटमेंट फैक्टर 2.86 के करीब होता है तब 8वें वेतन आयोग के साथ सरकार पर वित्तीय बोझ बढ़ने की उम्मीद है। कर्मचारियों को उम्मीद है कि नई सिफारिशें उनके जीवन स्तर को बेहतर करेंगी, लेकिन विशेषज्ञ चेता रहे हैं कि वास्तविक वेतन वृद्धि 20 से 35 फीसद के बीच रह सकती है।


क्योंकि वेतन वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा मुद्रास्फीति समायोजन में जाएगा। कर्मचारी और पेंशनर्स चाहते हैं कि आयोग के सदस्यों की नियुक्ति जल्द हो, ताकि सिफारिशें

# शेयर बाजार में मजबूत बढ़त; सेंसेक्स 1250 अंक चढ़ा, निफ्टी 25000 के पार पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी।** गुरुवार को 2 बजकर 46 मिनट पर सेंसेक्स 1,240.04 (1.52प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 82,570.60 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 398.65 (1.62प्रतिशत) अंक उछलकर 25,065.55 के स्तर पर पहुंच गया शेयर बाजार में गुरुवार को आखिरी सत्र के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में मजबूत खरीदारी दिखी। 2 बजकर 46 मिनट पर सेंसेक्स 1,240.04 (1.52 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 82,570.60 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 398.65 (1.62 प्रतिशत) अंक उछलकर 25,065.55 के स्तर पर पहुंच गया।


इससे पहले शुरुआती कारोबार में गुरुवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में उतार चढ़ाव देखने को मिला। ब्लू-चिप बैंक शेयरों और एशियाई बाजारों में कमजोर रुझानों के चलते बाजार में नकारात्मक रुख देखने को मिला। 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 106.78 अंक गिरकर 81,223.78 अंक पर आ गया। ऐसे ही एनएसई निफ्टी 38.45 अंक गिरकर 24,628.45 अंक पर आ गया। बाद में बीएसई बेंचमार्क 247.22 अंक गिरकर 81,082.80 पर और निफ्टी 67.15 अंक गिरकर 24,599.75 पर आ गया। इसके बाद शेयर बाजार कभी हरे तो कभी लाल निशान पर कारोबार करते दिखाई दिया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। इसके उलट टाटा मोटर्स, अदानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और अल्ट्राटेक सीमेंट में बढ़त दर्ज की गई। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 931.80 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

**एशियाई और अमेरिकी बाजारों का हाल-** एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए।



# कनाडा की सरकार ने मध्यम वर्ग को दी बड़ी राहत, आयकर दर घटाई, जुलाई 2025 से ही मिलेगा फायदा

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के वित्त विभाग ने एक बयान जारी कर बताया कि सरकार के एजेंडे के तहत मध्यम वर्गीय लोगों को आयकर में राहत दी गई है। इस फैसले से कनाडा के मेहनतकश लोगों को फायदा मिलेगा और लोग अपनी जरूरत की चीजों



पर ज्यादा खर्च कर सकेंगे। कनाडा की सरकार ने नई कैबिनेट के एलान के तुरंत बाद एक बड़ा फैसला किया है। दरअसल कनाडा की सरकार ने मध्यम वर्ग के लिए आयकर में कटौती करने का फैसला किया है। एलान के तहत सरकार ने आयकर की दर को 15 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया है और घटी हुई दर एक जुलाई 2025 से लागू हो जाएंगी।

कनाडा सरकार के इस कदम से देश के करीब 2.2 करोड़ लोगों को फायदा मिलने की उम्मीद है। सरकार के अनुमान के मुताबिक दो आय वाले घरों को सालाना 840 अमेरिकी डॉलर की बचत हो सकती है। कनाडा के वित्त विभाग ने एक बयान जारी कर बताया कि सरकार के एजेंडे के तहत मध्यम वर्गीय लोगों को आयकर में राहत दी गई है। इस फैसले से कनाडा के मेहनतकश लोगों को फायदा मिलेगा और लोग अपनी जरूरत की चीजों पर ज्यादा खर्च कर सकेंगे। सरकार के फैसले से कनाडा के लोगों की अगले पांच वर्षों में 27 अरब डॉलर की टैक्स बचत हो सकती है।

## 6जी-2025 समिट : भारत 6जी पेटेंट दाखिल करने वाले शीर्ष-6 देशों में शामिल

# 5G के मुकाबले 100 गुना तेज होगी स्पीड

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत अब 6जी पेटेंट दाखिल करने वाले दुनिया के शीर्ष छह देशों में शामिल हो गया है। केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने बुधवार को कहा, भारत के पास प्रतिभाओं का विशाल भंडार और पर्याप्त समय है। 6जी में भारत के अग्रणी नहीं बनने का कोई कारण नजर नहीं आता है।

भारत 5जी के बाद अब 6जी तकनीक की दिशा में भी तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।?खास बात है कि भारत अब 6जी पेटेंट दाखिल करने वाले दुनिया के शीर्ष छह देशों में शामिल हो गया है।?




केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने बुधवार को कहा, भारत के पास प्रतिभाओं का विशाल भंडार और पर्याप्त समय है। 6जी में भारत के अग्रणी नहीं बनने का कोई कारण नजर नहीं आता है। भारत 6जी-2025 सम्मेलन में मंत्री ने कहा, 6जी टेराहर्ट्ज आवृत्ति बैंड का उपयोग करेगा, जिससे डाटा हासिल करने की दर एक टेराबिट प्रति सेकंड होगी।?यह रफ्तार 5जी की तुलना में 100 गुना तेज है। उन्होंने कहा, भारत में 111 से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं को 300 करोड़ रुपये की मंजूरी राशि के साथ वित्तपोषित किया गया है। मंत्री ने कहा, भारत जैसे-जैसे वैश्विक प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनने की दिशा में अपनी यात्रा जारी रखेगा, वैसे-वैसे 6जी प्रौद्योगिकी के साथ इसका आगे का रास्ता आने वाले दशकों के लिए देश की समृद्धि को परिभाषित करेगा। स्वदेशी 6जी का विकास यह सुनिश्चित करेगा कि हमारा संचार भारत में ही विकसित हो और पूरी तरह सुरक्षित रहे।

केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री ने कहा, 6जी पूरी तरह से नए उद्योगों का निर्माण करेगा और मौजूदा व्यवसायों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। इस क्रांतिकारी परिवर्तन से 2035 तक देश की अर्थव्यवस्था में संभावित रूप से एक लाख करोड़ डॉलर का इजाफा होगा। उन्होंने आगे कहा, हमें एक ऐसे 6जी तंत्र का निर्माण?करना है, जो भारत में बना हो और दुनिया भी इसका इस्तेमाल कर पाए।?यह डिजाइन के मोर्चे पर पूरा सुरक्षित हो और प्रभाव में परिवर्तनकारी हो।



# तेहरान के साथ एक और सफल वर्ष के लिए तैयार मानुषी छिल्लर

मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अपना जन्मदिन मना रही हैं। मानुषी छिल्लर अपने बॉलीवुड करियर में एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रही हैं, जिसे उनका अब तक का सबसे परिवर्तनकारी वर्ष कहा जा सकता है। रिलीज़ के लिए पाइपलाइन में दो प्रमुख फ़िल्में हैं, मालिक, एक गैंगस्टर ड्रामा, जिसमें वह राजकुमार राव के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी, और तेहरान, एक जियो-पॉलिटिकल थ्रिलर फ़िल्म जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ नज़र आएंगी, मानुषी के प्रशंसक मिस वर्ल्ड को फिर से एक्शन में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इन दोनों फिल्मों में मानुषी बिल्कुल नए और अनदेखे अवतारों में नज़र आएंगी, जो दर्शकों की सोच को चुनौती देने के साथ-साथ उनकी अभिनय क्षमता और बहुआयामी प्रतिभा को सामने लाएंगी। 2025 में मानुषी की पहली फिल्म मालिक की रिलीज डेट नजदीक आ रही है, सूत्रों ने पुष्टि की है कि उनकी ऑन-स्क्रीन उपस्थिति प्रशंसकों द्वारा पहले देखी गई किसी भी किरदार से नाटकीय रूप से अलग होगी, जिसने फिल्म के लिए उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। फिल्म की टीम ने मानुषी के लुक को लीक होने से बचाने के लिए खास इंतज़ाम किए हैं। मालिक के इर्द-गिर्द चर्चा में योगदान देने वाला एक और कारक राजकुमार के साथ उनकी नई जोड़ी है।

पुलकित द्वारा निर्देशित और कुमार तौरानी और जय शेवक्रमणी द्वारा निर्मित, मालिक 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वहीं दूसरी फिल्म तेहरान में भी मानुषी का एक बेहद अलग और दमदार रूप सामने आएगा। इस जियो-पॉलिटिकल थ्रिलर में वह जॉन अब्राहम के साथ एक्शन से भरपूर भूमिका में दिखेंगी।

इस किरदार के लिए उन्होंने क्रॉप्ड वेवी हेयर और हथियारों के साथ शूट किए गए सीन जैसे लुक्स अपनाए हैं—जो उनके पारंपरिक ग्लैमरस अंदाज़ से बिल्कुल विपरीत है। दिनेश विजन के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के तहत बन रही यह फिल्म भी 2025 में रिलीज़ होगी और यह साफ संकेत देती है कि मानुषी अब अपनी सुंदरता से आगे निकलकर गंभीर, चुनौतीपूर्ण और किरदार-प्रधान भूमिकाओं की ओर बढ़ रही हैं।



# दीपिका पादुकोण ने स्पिरिट के लिए मांगी 20 करोड़ फीस

## प्रभास संग मचाएंगी धमाल

बॉलीवुड की सुपरस्टार दीपिका पादुकोण बीते साल 2024 में प्रभास के साथ तेलुगू में बनी पैन इंडिया रिलीज कल्कि 2898एडी में नजर आई थीं। फिर वह रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में डीसीपी शक्ति शेट्टी बनकर धुआंधार एक्शन करती नजर आईं। अब आगे वह शाहरुख खान के साथ जहां किंग में नजर आएंगी, वहीं खबर है कि उन्हें प्रभास के साथ एक बार फिर से स्पिरिट में कास्ट किया गया है। और तो और, एनिमल फेम संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म के लिए दीपिका ने इतनी तगड़ी फीस ली है कि वह सुर्खियों में आ गई हैं!

दीपिका पादुकोण बीते साल 8 सितंबर 2024 को मां बनी हैं। वह इन दिनों बेटी दुआ की परवरिश में वक्त दे रही हैं। इस बीच रिपोर्ट में बताया गया है कि संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें प्रभास के अपोजिट स्पिरिट में कास्ट किया है। यह पर्दे पर मां बनने के बाद उनकी कमबैक फिल्म होगी। रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र के हवाले से कहा गया है कि दीपिका को इस फिल्म के लिए उनके करियर की सबसे अधिक फीस मिल रही है।

### दीपिका ने स्पिरिट के लिए ली है 20 करोड़ फीस!

हालांकि, सटीक आंकड़े की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इनसाइडर रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि दीपिका पादुकोण को स्पिरिट के लिए करीब 20 करोड़ रुपये फीस मिल रही है। यदि यह सच है, तो दीपिका भारतीय सिनेमा में सबसे अधिक फीस लेने वाली एक्ट्रेस बन जाएंगी।

### देश की सबसे महंगी एक्ट्रेस में रश्मिका, प्रियंका, आलिया का भी नाम

देश में सबसे मोटी फीस लेने वाली एक्ट्रेसस में इस वक्त रश्मिका मंदाना से प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस का नाम शुमार है। फिल्हाल, टॉप एक्ट्रेसेस की फीस 10-15 करोड़



के बीच है। लेकिन दीपिका की 20 करोड़ की फीस इस मायने में एक नया बेंचमार्क है। हालांकि, इस फीस की चर्चा ऐसे समय में भी हो रही है, जब कई दिग्गज फिल्ममेकर्स एक्टर्स की बढ़ती फीस को लेकर चिंता जता चुके हैं।

### दीपिका ने दी हैं हिट, सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में

वैसे, दीपिका पादुकोण की फीस का बढ़ना कोई आश्चर्य नहीं है। ऐसा इसलिए कि उनकी झोली में पद्मावत, बाजीराव मस्तानी पीकू, ये जवानी है दीवानी और जवान जैसी हिट, सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में शामिल हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि दीपिका इस वक्त इंडस्ट्री की सबसे काबिल और सबसे भरोसेमंद स्टार हैं।

जून-जुलाई में शुरू हो जाएगी स्पिरिट की शूटिंग

जहां तक स्पिरिट की बात है, तो प्रभास और दीपिका के साथ संदीप रेड्डी वांगा इसे ग्रैंड लेवर पर बना रहे हैं। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म बताई जा रही है, जिसे पैन इंडिया रिलीज किया जाएगा। स्पिरिट की शूटिंग 2025 में जून-जुलाई के आसपास शुरू हो सकती है। प्रभास-दीपिका की पिछली फिल्म कल्कि - 2898एडी ने बॉक्स ऑफिस पर देश में 646.31 करोड़ का नेट कलेक्शन और वर्ल्डवाइड 1042.25 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था।



# पंचायत 4 के सभी पहलू लोगों को हंसाएंगे और रुलाएंगे भी...

फैसल मलिक इन दिनों अपनी अगली वेब सीरीज पंचायत 4 को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इस सीरीज का टीजर रिलीज हुआ है। पंचायत में किरदार ऐसे लिखे गए हैं जिनसे लोग खुद को जोड़ लेते हैं। वो सीधा-सादा इंसान किसी को भी अपने पापा या चाचा जैसा लग सकता है। यही कॉमेडी और इमोशन का मेल है जो पंचायत को खास बनाता है।

पंचायत देखकर गांव वाले सराहते हैं या नाराज होते हैं?

गांव वाले बहुत प्यारे लोग हैं। शूटिंग के दौरान खाना खिलाते हैं, मदद करते हैं। अब तो पहचान भी गए हैं कि हम ढाई महीने वहीं रहेंगे। इसलिए एक अपनापन लगता है उनके बीच।

### पंचायत 4 में क्या नया है?

इस बार तो धमाल है! जब पहला सीजन बना था तब नहीं सोचा था इतना चलेगा, 2 बना तो उससे ज्यादा चला, 3 ने दोनों को पीछे छोड़ा। 4 में तो सबकुछ है। कहानी, डायरेक्शन और इमोशन, सभी का लेवल अप है। अब इस सीरीज को लोग खुद वायरल कर देते हैं, हमें खुद नहीं पता चलता कि सीरीज का कौनसा सीन कितना बड़ा हिट हो गया। इस बार के सीजन में सभी पहलू दर्शकों को हसाएंगे और रुलाएंगे भी। ये सीजन भी सभी के साथ कनेक्ट करेगा।

### सीरीज अब 6 फिल्मों जैसी लगती है, ऐसा क्यों है?

हां, क्योंकि अब हर एपिसोड की शुरुआत, मिड और एंड होता है। जैसे पाताललोक हो या पंचायत, आप इनकी लेखनी देखिए। कमाल की राइटिंग है। आप अच्छा कंटेंट दिखाएंगे तो लोग भी आपकी सीरीज का इंतजार करेंगे। फर्क राइटिंग और सोच का होता है। इसलिए पंचायत या टीवीएफ की किसी सीरीज की इतना प्रेम मिलता है।

# उर्फी जावेद ने वीज़ा रिजेक्शन के चलते रद्द किया कान्स का सफर

उर्फी जावेद के फैंस बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे कि वह इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी धमाकेदार एंट्री से सबको चौंकाएंगी। लेकिन, अफसोस की बात है कि उर्फी इस प्रतिष्ठित इवेंट में शामिल नहीं हो पाएंगी क्योंकि उनका वीज़ा रिजेक्ट हो गया। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट साझा करते हुए इस रिजेक्शन को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उर्फी ने लिखा, मैंने कुछ भी अपलोड नहीं किया और कहीं नज़र भी नहीं आई क्योंकि मैं एक दौर से गुज़र रही थी। मेरा बिजनेस नहीं चला। मैंने कई और चीज़ें ट्राई कीं, लेकिन वहां भी रिजेक्शन ही मिला। मेरी टीम और मैं बहुत निराश हो गए। हालांकि इस निराशा के बावजूद, उर्फी ने इस रिजेक्शन को प्रेरणा में बदल दिया और अपने फॉलोअर्स से भी आग्रह किया कि वे भी अपनी रिजेक्शन स्टोरीज़ साझा करें ताकि एक-दूसरे को प्रेरित किया जा सके। उन्होंने लिखा, मुझे यकीन है कि आप में से कई लोग भी रिजेक्शन का सामना कर रहे होंगे। चलो एक-दूसरे का सपोर्ट करें।



# कोरिया टूरिज्म का एंबेसडर बनना गर्व और सम्मान की बात

टीवी की मशहूर अभिनेत्री हिना खान को एक बड़ी जिम्मेदारी और उपलब्धि मिली है। हिना खान को कोरिया का टूरिज्म एम्बेस्डर बनाया गया है। हिना ने इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी है। इस पोस्ट में हिना खान ने कई सारी फोटोज और कुछ वीडियो साझा करें। इन फोटोज में हिना खान को सम्मान दिया जा रहा है और कोरिया टूरिज्म के एंबेसडर की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। हिना ने एक तस्वीर उस प्रतिमा की भी साझा की है, जो उन्हें टूरिज्म एंबेसडर नियुक्त करते समय प्रदान की गई है। एक फोटो में हिना सम्मान में मिले बुके को लिए खड़ी हैं और एक तस्वीर में वो मीटिंग हॉल में बैठी कुछ बता रही हैं। हिना ने उन्हें मिले गिफ्ट्स की फोटो भी साझा की है। इन फोटोज को शेयर कर इस उपलब्धि पर हिना ने खुशी जताई है। साथ ही धन्यवाद भी जताया। कोरिया टूरिज्म का एंबेसडर बनना हिना ने अपने लिए गर्व और सम्मान की बात बताया। कोरिया की सुंदरता का जिक्र करते हुए हिना ने कहा कि प्राचीन महलों से लेकर जीवंत सड़कों तक, कोरिया का जादू तलाशने का इंतजार कर रही हूं।





# कान फेस्टिवल में नजर आएंगी नितांशी गोयल

कान फिल्म फेस्टिवल 2025 के रेड कॉर्पेट पर इस बार कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज नजर आने वाले हैं। इस लिस्ट में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन, जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर और करण जौहर के अलावा कुछ और कलाकार भी शामिल होंगे। इस लिस्ट में 'लापता लेडीज' की एक्ट्रेस नितांशी गोयल और इंफ्लुएंसर पारुल गुलाटी के नाम भी दर्ज हैं। पारुल और नितांशी पहली बार इस फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बन रही हैं।

नितांशी कान फेस्टिवल में करेंगी डेब्यू

आमिर खान प्रोडक्शन की फिल्म 'लापता लेडीज' से मशहूर हुई एक्ट्रेस नितांशी गोयल कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में डेब्यू कर रही हैं। वह कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने वाली अब तक की सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस हैं। यह एक्ट्रेस एक नामी मेकअप ब्रैंड की तरफ से इस फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर वॉक करेंगी।

### इंफ्लुएसंर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी। उस वक्त मैंने मन में सोचा एक दिन यहां जरूर आऊंगी। अब देखिए, इस साल आपकी लड़की कान फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर जा रही है।'



# शनाया ने पूरी की जेसी की शूटिंग



सोनम कपूर, जान्हवी और खुशी के बाद कपूर परिवार की एक और लाडली फिल्मी दुनिया में आने वाली हैं। बात हो रही है एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की, जो आंखों की गुस्ताखियां फिल्म से डेब्यू कर रही हैं मगर, उन्होंने एक और फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसका नाम है जेसी। इस फिल्म का निर्देशन सुजात सौदागर कर रहे हैं टीम ने फिल्म की शूटिंग का जश्न केक काटकर मनाया, शनाया ने इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर किए हैं। शनाया ने केक की जो तस्वीर शेयर की है, उस पर लिखा है डायना कहा जा रहा है कि यह शनाया के किरदार का नाम हो सकता है एक तस्वीर में वे सुजात से गले लगती नजर आई हैं, उन्होंने कैप्शन लिखा है, शुक्रिया, बहुत धन्य महसूस हो रहा है, बेहद खुश हूं। सुजात ने भी अपनी स्टोरी पर फोटो लगाकर लिखा है, आपको मिस करेंगे, खूब आगे बढ़ो।

- साभार

# क्या हॉकी एशिया कप के लिए भारत आएगा पाकिस्तान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम भारत आएगी या नहीं इस पर संशय बना हुआ। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच जंग की स्थिति बन गई। 10 मई को सीजफायर जरूर हो गया, लेकिन किसी भी पाकिस्तानी को भारत में एंट्री की परमिशन नहीं मिली है।

बिहार के राजगीर में एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर तक खेला जाएगा। यह अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है। जिसमें एशिया की टॉप-8 टीमें हिस्सा लेंगी।

**सरकार के निर्देश मानेंगे- हॉकी इंडिया** - हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह ने कहा, पाकिस्तान टीम एशिया कप के लिए आएगी या नहीं, इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी है। पहलगाम में आतंकी हमला और भारत का ऑपरेशन सिंदूर कुछ दिन पहले ही हुआ। ऐसे में इस वक्त कुछ भी कह पाना मुश्किल है।

टूर्नामेंट शुरू होने में अब भी करीब 3 महीने का समय



बचा है। हम शांति कायम होने का इंतजार कर रहे हैं। सरकार के जो भी निर्देश होंगे, हम उनका पालन करेंगे।भारत और पाकिस्तान के बीच 181 हॉकी मैच खेले गए। 82 में पाकिस्तान और 67 में भारत को जीत मिली। 32 मुकाबले ड्रॉ भी रहे।

**सरकार ने मना किया तो पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट होगा** - हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा, अगर सरकार ने पाकिस्तान को एंट्री देने से मना किया तो उनके बिना टूर्नामेंट कराया जाएगा। सबकुछ सरकार के फैसले पर निर्भर है। अगर पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आई तो उनके बिना टूर्नामेंट कराने का फैसला पूरी तरह एशियन हॉकी फेडरेशन करेगा। वे चाहें तो 7 टीमों को टूर्नामेंट करा सकते हैं या फिर पाकिस्तान की जगह किसी और टीम को मौका भी दिया जा सकता है।

**2016 में भी भारत नहीं आई थी पाकिस्तान टीम** - 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत में जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप हुआ था। तब भी पाकिस्तान हॉकी टीम भारत नहीं आई थी। तब पाकिस्तान की जगह मलेशिया को एंट्री देकर टूर्नामेंट कराया गया था। दोनों देशों में तनाव के बाद पाकिस्तान का जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी भारत आना मुश्किल लग रहा है। टूर्नामेंट चेन्नई और मदुराई में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा।भारत ने पिछले साल जूनियर हॉकी एशिया कप में पाकिस्तान को फाइनल हराकर ही टाइटल जीता था।

## पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानियों की एंट्री बैन, 27 अगस्त से बिहार में टूर्नामेंट

**वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री दिलाता है एशिया कप** - नीदरलैंड के एम्सरटडैम में अगले साल 14 से 30 अगस्त तक हॉकी वर्ल्ड कप होगा। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलती है। 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया डिफेंडिंग चैंपियन है। वहीं भारत और पाकिस्तान को अपने-अपने चौथे टाइटल का इंतजार है। हॉकी एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के अलावा जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे भी हिस्सा लेंगी। 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल और इसे जीतने वाली टीमों के बीच 7 सितंबर को फाइनल होना है।

# रोहित-कोहली के संन्यास से घबराने की जरूरत नहीं है : मांजरेकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली और



संजय मांजरेकर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि 'फैब फोर' के विदा लेने के बाद भी भारतीय क्रिकेट ने वापसी की थी। आधुनिक क्रिकेट के दिग्गजों रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने वाली टीम को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेगी

## उप-विजेता 2.16 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे



**सिडनी (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए पुरस्कार राशि की घोषणा कर दी गई है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होने वाले एकमात्र टेस्ट से एक महीने से भी कम समय पहले आईसीसी ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2023-25 ??संस्करण के लिए एक विशाल पुरस्कार राशि की घोषणा की है।


डब्ल्यूटीसी 2023-25 ??फाइनल के लिए कुल पुरस्कार राशि 5.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, जो पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। चैंपियन को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे जो 2021 और 2023 दोनों में दिए गए 1.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर से काफी अधिक है जबकि उप-विजेता को 800,000 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर अब 2.16 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

अंतिम टेस्ट के लिए 30 दिन की उल्टी गिनती को चिह्नित करते हुए आईसीसी ने इस मुकाबले के लिए उत्साह बढ़ाने वाला एक प्रचार वीडियो भी जारी किया जिसमें दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा, शीर्ष तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, प्रोटियाज स्टार एडेन मार्कराम, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टीव स्मिथ और शानदार ट्रैविस हेड के साथ-साथ पूर्व महान खिलाड़ी शॉन पोलक, डेल स्टेन, मैथ्यू हेडन, मेल जोन्स, नासिर हुसैन, शोएब अख्तर और रवि शास्त्री शामिल हैं। इसी के साथ ही दोनों फाइनलिस्टों ने टीमों का भी ऐलान कर दिया है।

दक्षिण अफ्रीका डब्ल्यूटीसी 25 स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहा और लॉर्ड्स में फाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई जिसमें पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका पर जीत और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज ड्रॉ रही। ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत पर 3-1 की जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की। उनके मजबूत अभियान में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू और विदेशी सीरीज में पाकिस्तान को 3-0 से हराना भी शामिल है।

# नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल बनाया

## धोनी, कपिल और बिंद्रा इसका हिस्सा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि दी है। नीरज को यह सम्मान खेल में असाधारण योगदान और राष्ट्र के प्रति उनकी कमिटमेंट के लिए दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार, 14 मई को इसकी घोषणा की। बयान के अनुसार, यह नियुक्ति 16 अप्रैल से प्रभावी है। नीरज चोपड़ा पहले भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर थे। उन्हें 2018 में सुबेदार बनाया गया था। नीरज 2016 में भारतीय सेना में नायब सूबेदार के रूप में शामिल हुए थे। नीरज चोपड़ा से पहले पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी, कपिल देव और अभिनव बिंद्रा जैसे खिलाड़ियों को टेरिटोरियल आर्मी में मानद उपाधि दी जा चुकी है।

● **नीरज आज दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे** - नीरज चोपड़ा शुक्रवार 16 मई को दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे ।नीरज ने पिछले सीजन में 88.36 मीटर भाला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया था ।वे 2023 में 88.67 मीटर के स्कोर के साथ चैंपियन बने थे । नीरज के अलावा, जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना, मिडिल डिस्टेंस रनर गुलवीर सिंह और पारुल चौधरी भी हिस्सा लेंगी ।

**लगातार दो ओलिंपिक मेडल जीत चुके हैं नीरज** - नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर-2 जेवलिन थ्रोअर हैं। वे भारत की ओर से लगातार दो ओलिंपिक गेम्स में मेडल जीत चुके हैं। नीरज ने पेरिस ओलिंपिक में सिल्वर और टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा, वे वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे वर्ल्ड क्लास टूर्नामेंट में भारत को गोल्ड मेडल जिता चुके हैं।

# इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए साउदी को विशेषज्ञ सलाहकार किया नियुक्त



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने घोषणा की कि न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के खत्म होने तक इंग्लैंड का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया गया है । भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे की शुरुआत 20 जून से लीड्स में पहले टेस्ट के साथ करेगी । यह दौरा 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में होने वाले पांचवें टेस्ट के साथ खत्म होगा । दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले साउदी इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय सत्र के शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे जो अगले बृहस्तिवार से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट होगा । 36 वर्षीय साउदी ने 107 टेस्ट मैच में 391 विकेट, 161 वनडे मैच में 221 विकेट और 126 टी20 मैच में 164 विकेट हासिल किए हैं । ईसीबी ने एक बयान में कहा, 'दुनिया भर में विभिन्न परिस्थितियों और सभी प्रारूपों में खेलने के अपने विशाल अनुभव के साथ वह खिलाड़ियों को अहम जानकारी प्रदान करेंगे । सलाहकार की भूमिका के बाद वह बर्मिंघम फीनिक्स के लिए 'द हंड्रेड' में खेलना शुरू करेंगे ।

# ला लीगा- रियल मैड्रिड ने मायोर्का को 2-1 से हराया

## एमबाप्पे और रैमॉन ने एक-एक गोल किया, बार्सिलोना का खिताब जश्न टला



**बार्सिलोनी (एजेंसी)।** स्पेनिश लीग ला लीगा में बुधवार को खेले गए मैच में रियल मैड्रिड ने मायोर्का को इंजरी टाइम में गोल कर 2-1 से हरा दिया। मैड्रिड के लिए किलियन एमबाप्पे और जैकोबो रैमॉन ने एक-एक गोल किया।

### बार्सिलोना को खिताब के लिए करना पड़ेगा इंतजार

इसके साथ ही बार्सिलोना को अपने 28वां लीग खिताब के लिए इंतजार करना पड़ेगा। स्पेनिश लीग में सबसे ज्यादा पॉइंट अर्जित करने वाली टीम खिताब जीतती है। बार्सिलोना के 35 मैच के बाद 82 पॉइंट है। वह पॉइंट टेबल में टॉप पर है। जबकि रियल मैड्रिड 36 मैचों के बाद 78 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर है। स्पेनिश लीग में 20 टीमें खेल रही है। प्रत्येक टीम को एक-दूसरे से दो दो मैच खेलने हैं। एक मैच अपने होम ग्राउंड पर और दूसरा बाहर यानी प्रत्येक टीम को 38 मैच लीग में खेलने हैं। बार्सिलोना को 3 मैच खेलने हैं और एक भी जीतने के बाद वह खिताब जीत जाएगी। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली रियल मैड्रिड के दो मैच बाकी है, और दोनों जीतने के बाद भी खिताब हासिल करना मुश्किल है।

### हाफ टाइम में मायोर्का ने 1-0 से आगे

मार्योका ने हाफ टाइम में रियल मैड्रिड से 1-0 से आगे रहा। मार्योका की तरफ से 11 वें मिनट में मार्टिन वाल्जेंट ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उसके बाद हाफ टाइम तक दोनों टीमों ने कोई और गोल नहीं किए।

### मबाप्पे ने गोल कर टीम को बराबरी पर लाया

मैच के 68वें मिनट में किलियन एमबाप्पे ने गोल कर रियल मैड्रिड को 1-1 की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। लीग में उनका यह 28वां गोल था।

वह लीग में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनसे तीन गोल पीछे बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की हैं। इनके 25 गोल हैं।

### रैमॉन ने इंजरी टाइम में विजयी गोल दागा

ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना का खिताब तय हो गया, पर इंजरी टाइम में रियल मैड्रिड की ओर से जैकोबो रैमॉन ने गोल कर स्कोर को स्कोर 2-1 कर दिया और टीम को जीत दिला दी।

इसके साथ ही बार्सिलोना को खिताब जश्न मानने के लिए रोक दिया। उन्हें अपने अगले मैच तक इंतजार करना पड़ेगा। बार्सिलोना का मैच गुरुवार को एस्पेनयोल के साथ है। जीत के साथ ही वह खिताब भी जीत लेगी।

# गुजरात में शामिल हो सकते हैं कुसल मेंडिस

## इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेंगे, दिल्ली ने बांग्लादेशी पेसर रहमान को साइन किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस गुजरात टाइटंस (जीटी) में शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेंडिस के इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेने की संभावना है। हालांकि गुजरात की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बटलर वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू हो रही वनडे सीरीज के कारण आईपीएल के प्लेऑफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। इससे पहले, बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बतौर रिप्लेसमेंट टीम में शामिल किया है। वे ओपनर जैक फ्रेजर मैगर्क की जगह लेंगे। मैगर्क मौजूदा सीजन के बाकी मैचों के लिए भारत नहीं आएंगे। फ्रेंचाइजी ने रहमान से 6 करोड़ रुपए में एग्रीमेंट किया है, लेकिन यह



एग्रीमेंट मुश्किल में पड़ता दिखाई दे रहा है। एग्रीमेंट के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा- अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने क्रिकइंफो से कहा- मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है। हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है। मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है। आमतौर पर आईपीएल किसी भी प्लेयर से एग्रीमेंट का ऐलान तभी करता है, जब जब खिलाड़ी को उसके घरेलू बोर्ड से एनओसी मिल जाती है।

आईपीएल के बचे मैच का शेड्यूल और बांग्लादेश के श्व दौरे का शेड्यूल क्लैश हो रहा है।

# कैफ बोले-लगता है विराट टेस्ट खेलना जारी रखना चाहते थे

## चयन समिति ने नहीं दिया साथ; 12 मई को लिया था संन्यास



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि विराट कोहली इंग्लैंड सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार थे। लेकिन, उन्हें अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति का समर्थन नहीं मिला। कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी थी।

### रणजी खेलकर इस फॉर्मेट को जारी रखने के दिए थे संकेत

कैफ ने बुधवार को आईएएनएस को दिए एक इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट में खेलना जारी रखना चाहते थे। इसको लेकर उनकी बीसीसीआई अधिकारियों और चयनकर्ताओं से बातचीत भी हुई होगी। चयनकर्ताओं ने पिछले 5-6 सालों में उनके प्रदर्शन का हवाला दिया होगा और उन्हें बताया होगा कि टीम में उनकी जगह अब नहीं हो सकती। हमें कभी पता नहीं चलेगा कि क्या हुआ, यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि पर्दे के पीछे वास्तव में क्या हुआ था। उन्होंने आगे कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद रणजी ट्रॉफी खेलने से यह साफ था कि वह आगामी टेस्ट में वापसी करना चाहते थे। उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें बीसीसीआई और चयनकर्ताओं से भी समर्थन मिलेगा, पर उन्हें नहीं मिला।

### पिछले पांच सालों में टेस्ट में 3 शतक ही जड़े

कोहली के अगर पिछले सालों के प्रदर्शन को देखें तो पता चला कि उनके प्रदर्शन में गिरावट आई है। उन्होंने इस बीच खेले 68 पारियों में केवल 2028 रन बनाए और तीन शतक ही लगाए। इस दौरान उनका करियर औसत घटकर 46 तक आ गया। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पर्थ में शानदार शतक के साथ वापसी के संकेत दिखे, लेकिन बाकी दौरे में वह केवल 90 रन ही बना पाए और भारत 1-3 से सीरीज हार गया।

# रोहित शर्मा राजनीति में ! महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिले

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में भारतीय क्रिकेट स्टार रोहित शर्मा का अपने आधिकारिक निवास 'वर्षा' में स्वागत किया। इस खास मुलाकात में रोहित के शानदार टेस्ट करियर को सम्मानित किया गया। फडणवीस ने अपनी भावनाओं को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा किया और रोहित के प्रति प्रशंसा और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं, जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

फडणवीस ने लिखा कि भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा का मेरे आधिकारिक निवास 'वर्षा' में स्वागत करना, उनसे मिलना और बातचीत करना बहुत अच्छा रहा। मैंने उन्हें टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर शुभकामनाएं दीं और उनके सफर के अगले अध्याय में निरंतर सफलता की कामना की !

रोहित ने 11 साल और 67 टेस्ट के करियर के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। उन्होंने नवंबर 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और



67 टेस्ट में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 रन था, जो 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में आया। वे भारत के 16वें सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में रिटायर हुए।

रोहित ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 2013 में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ 177 रनों की यादगार पारी के साथ की थी। शुरुआती वादे और कुछ शानदार पारियों के बावजूद, 'हिटमैन' को लंबे प्रारूप में अपनी जगह पक्की करने में मुश्किल हुई, खासकर विदेशी दौरों पर। 2013-18 के बीच, उन्होंने 27 टेस्ट में 39.63 की औसत से 1,585 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक शामिल थे।

# राष्ट्रपति ट्रंप का दावा: भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर सभी शुल्क हटाने की पेशकश की

» दोहा (कतर), भाषा।

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर सभी शुल्क हटाने की पेशकश की है। अमेरिकी के राष्ट्रपति ने दोहा में व्यापार गोलमेज सम्मेलन में यह भी कहा कि उन्हें एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक के साथ थोड़ी समस्या है और उन्होंने कुक से कहा है कि वह नहीं चाहते कि वह भारत में आईफोन बनाएं। वह एप्पल के भारत में आईफोन के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना पर बात कर रहे थे। ट्रंप अभी पश्चिम एशिया की यात्रा के तहत कतर की राजधानी दोहा में हैं जहां व्यापार गोलमेज सम्मेलन आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा, मैंने उनसे (कुक) कहा कि मेरे मित्र, मैं आपके साथ बहुत अच्छा व्यवहार कर रहा हूं। आप 500 अरब डॉलर लेकर आ रहे हैं, लेकिन अब मैं सुन रहा हूं कि आप भारत में विनिर्माण कर रहे हैं। यदि आप भारत का ख्याल रखना चाहते हैं तो आप भारत में विनिर्माण कर सकते हैं...क्योंकि भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क वाले देशों में से एक है इसलिए भारत में बिक्री करना बहुत कठिन है।**



अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने (भारत ने) हमें एक ऐसा सौदा पेश किया है, जिसके तहत वे हमसे कोई शुल्क नहीं वसूलने पर सहमत हो गए हैं। मैंने कहा, टिम, हम आपके साथ बहुत अच्छा व्यवहार कर रहे हैं, हमने वर्षों तक चीन में आपके द्वारा बनाए गए सभी संयंत्रों को सहन किया है। हालांकि, हमें आपके भारत में विनिर्माण को लेकर रुचि नहीं है। भारत खुद अपना ख्याल रख सकता है। हालांकि, भारत की ओर से शुल्क कम करने या उन्हें खत्म करने को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई है। ट्रंप की यह टिप्पणी कुक के उस बयान के करीब दो सप्ताह बाद आई जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी कंपनी ने भारत सहित कई देशों में रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किया है। कुक ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि एप्पल जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन भारत से आएंगे जबकि कर दरों पर अनिश्चितता के बीच अन्य बाजारों के लिए आईफोन आपूर्ति में चीन की हिस्सेदारी सबसे अधिक बनी रहेगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल के विश्लेषण के अनुसार, 2024 में अमेरिका में एप्पल के आईफोन की बिक्री 7.59 करोड़ इकाई रही जबकि मार्च में भारत से निर्यात 31 लाख इकाई था। इस महीने की शुरुआत में भी ट्रंप ने दावा किया था कि भारत अपने उच्च शुल्क को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सहमति जता चुका है। इससे पहले ट्रंप भारत को टैरिफ किंग और काफी दुर्व्यवहार करने वाला करार दे चुके हैं। उन्होंने पिछले महीने यह भी कहा था कि भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत बहुत अच्छी तरह जारी है और उन्हें लगता है कि हम भारत के साथ समझौता कर लेंगे। गौरतलब है कि ट्रंप ने दो अप्रैल भारत और चीन सहित कई देशों पर उच्च आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी।

### ईरान के पास बस दो ही विकल्प हैं : ट्रंप

**दोहा(कतर)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को ईरान पर दबाव बढ़ाते हुए चेतावनी दी कि उसके परमाणु कार्यकम को लेकर उत्पन्न गतिरोध का समाधान करने के लिए दो ही विकल्प है, पहला या तो समझौता करे या संभावित हवाई हमले के लिए तैयार रहे। ट्रंप ने कतर के शीर्ष कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा, हमे यह देखना चाहेंगे कि क्या हम ईरान की समस्या को बिना किसी ताकत के इस्तेमाल के समझदारी से हल कर सकते हैं। इसके केवल दो ही विकल्प हैं: बुद्धिमानी और ताकत। ट्रंप ने यह भी कहा कि कतर के सत्तारूढ़ अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कूटनीतिक समझौते के लिए दबाव डाल रहे थे। कतर ईरान के साथ एक विशाल अपतटीय तेल और गैस क्षेत्र साझा करता है जो उसकी संपन्नता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ट्रंप ने कहा, मैंने कल रात कहा कि ईरान बहुत भाग्यशाली है कि उसके पास अमीर है क्योंकि वह वास्तव में उनके लिए लड़ रहे हैं। वह नहीं चाहते कि हम ईरान पर घातक कार्रवाई करें। वे कहते हैं कि आप समझौता कर सकते हैं। वे वास्तव में लड़ रहे हैं। मेरा अभिप्राय है कि और मेरा मानना है कि ईरान को अमीर को बहुत-बहुत धन्यवाद कहना चाहिए।

### ईरान को परमाणु कार्यक्रम रोकने के लिए मनाने में मदद करे कतर : ट्रंप

**दोहा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कतर से आग्रह किया कि वह ईरान पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके परमाणु कार्यक्रम के संबंध में उसे अमेरिका से समझौता करने के लिए मनाए। मध्य एशिया के तीन देशों की अपनी यात्रा के तहत कतर पहुंचे ट्रंप ने उनके सम्मान में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमाद अल सानी की ओर से आयोजित रात्रि भोज के दौरान यह अपील की। कतर बीते कई वर्ष से अमेरिका और ईरान व उसके सहयोगियों के साथ बातचीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। कतर ने गाजा में 19 महीने से जारी युद्ध के दौरान ईरान समर्थित हमास की इजराइल के साथ वार्ता में भी अहम भूमिका निभाई थी। ट्रंप ने रात्रिभोज के दौरान कहा, मुझे उम्मीद है कि आप ईरान की स्थिति को लेकर मेरी मदद कर सकते हैं। यह एक खतरनाक स्थिति है, और हम सही काम करना चाहते हैं। ट्रंप चाहते हैं कि ईरान छद्म चरमपंथी समूहों को समर्थन देना बंद करे। इससे पहले ट्रंप ने बुधवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक में नेताओं से कहा था कि वह समझौता करना चाहते हैं।

### ट्रंप ने पुतिन के जेलेंस्की के साथ इस्तांबुल वार्ता में शामिल नहीं होने संबंधी निर्णय को तवज्जो नहीं दी

**दोहा (कतर)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस बात से हैरान नहीं हैं कि इस हफ्ते तुर्किए में यूक्रेन के साथ होने वाली शांति वार्ता में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नहीं शामिल होंगे। ट्रंप ने पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बृहस्पतिवार को इस्तांबुल में मिलने पर जोर दिया था। उन्होंने अपेक्षित वार्ता में भाग न लेने के पुतिन के फैसले को तवज्जो नहीं दी। पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा के तीसरे दिन दोहा में अधिकारियों के साथ एक व्यापार गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के दौरान पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, मुझे नहीं लगता कि पुतिन के लिए वहां जाना संभव है, अगर मैं वहां नहीं हूं। इस सप्ताह की शुरुआत में ट्रंप ने संभावित रूप से खुद के भाग लेने की बात कही थी। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को उल्लेख किया कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो नाटो समकक्षों के साथ बैठकों के लिए पहले से ही देश में हैं। ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ भी प्रत्याशित रूस-यूक्रेन वार्ता के लिए शुक्रवार को इस्तांबुल में रहने की योजना बना रहे हैं। जेलेंस्की और पुतिन के बीच सीधी बातचीत के लिए यह दबाव रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम समझौता के उद्देश्य से कई वार्ता के बीच बनाया गया है। पुतिन ने बृहस्पतिवार को तुर्किए के शहर में यूक्रेन के साथ सीधी शांति वार्ता फिर से शुरू करने का प्रस्ताव सबसे पहले रखा। जेलेंस्की ने पुतिन को तुर्किए में व्यक्तिगत रूप से मिलने की चुनौती दी। लेकिन क्रेमलिन ने कहा है कि वार्ता में उसके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की करेंगे और इसमें तीन अन्य अधिकारी शामिल होंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार मिखाइलो पोडोल्याक ने कहा कि जेलेंस्की केवल रूसी नेता के साथ बैठेंगे। ट्रंप बृहस्पतिवार को बाद में पश्चिम एशिया में अमेरिकी भागीदारी के केंद्र कतर में एक अमेरिकी प्रतिष्ठान का दौरा करेंगे। उन्होंने खाड़ी देशों की अपनी चार दिवसीय यात्रा का उपयोग इस क्षेत्र में अमेरिका के अतीत के हस्तक्षेपवाद को अस्वीकार करने के लिए किया है। ट्रंप कतर के अल-उदीद एयरबेस पर सैनिकों को संबोधित करेंगे, जो इराक और अफगानिस्तान में अमेरिकी युद्धों के दौरान एक प्रमुख पड़ाव था। इस एयरबेस का यमन के ईरान समर्थित हूती समूह के खिलाफ हाल ही में अमेरिकी हवाई अभियान में उपयोग किया गया था।

पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का एक मुखौटा संगठन

## भारत ने टीआरएफ को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल कराने के प्रयास तेज किए

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**भारत ने पहलगाम हमले में संलिप्तता के लिए लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट को संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल कराने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस बीच भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने यहां संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) और आतंकवाद निरोधक समिति के कार्यकारी निदेशालय के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी जिसमें 26 लोग मारे गए थे। टीआरएफ संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का एक मुखौटा संगठन है। सूत्रों ने बताया, भारतीय तकनीकी टीम न्यूयॉर्क में है और उसने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र में 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम और अन्य साझेदार देशों के साथ बातचीत की। टीम ने संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) और आतंकवाद निरोधक समिति कार्यकारी निदेशालय (सीटीईडी) के शीर्ष अधिकारियों से भी मुलाकात की।**




बुधवार को भारतीय दल के साथ हुई बैठक के बारे में यूएनओसीटी और सीटीईडी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद निरोधक कार्यालय के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोन्कोव और आतंकवाद निरोधक समिति कार्यकारी निदेशालय की सहायक महासचिव नतालिया गेरमन ने भारत सरकार के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। यह कदम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकवादी हमले और उसके जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में उठाया गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत का यह कदम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा एक प्रेस वक्तव्य जारी करने के बाद आया है, जिसमें सदस्य देशों ने पहलगाम हमले की कड़े शब्दों में निंदा की थी लेकिन हमले के लिए जिम्मेदार समूह के रूप में टीआरएफ का उल्लेख नहीं किया था। वोरोन्कोव और गेरमन ने 22 अप्रैल के इस हमले पर संवेदना व्यक्त की। विज्ञप्ति में कहा गया, भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा में सीटीईडी और यूएनओसीटी के साथ उनके संबंधित अधिदेशों के अंतर्गत जारी सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया, विशेष रूप से सुरक्षा परिषद के आतंकवाद-रोधी प्रस्तावों और संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आतंकवाद-रोधी रणनीति के कार्यान्वयन के पक्ष में। इस दौरान भारत की अध्यक्षता में आतंकवाद-रोधी समिति द्वारा अंगीकार किए गए 2022 दिल्ली घोषणापत्र के अनुरूप आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल आदि पर भी चर्चा की गई।

## भारत ने बर्लिन में संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक मंत्रिस्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण वचनबद्धता व्यक्त कीं

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक अभियानों में सबसे अधिक सैन्य योगदान देने वाले देशों में से एक भारत ने शांतिरक्षक मंत्रिस्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण वचनबद्धताएं व्यक्त की हैं जिनमें एक क्विक रिएक्शन फोर्स कंपनी और एक महिला नीत फॉर्म्ड पुलिस यूनिट (एफपीयू) का गठन शामिल है। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक अभियानों से जुड़े विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत ने एक क्विक रिएक्शन फोर्स कंपनी, एक सशस्त्र पुलिस या मिश्रित सशस्त्र पुलिस इकाई, एक महिला नीत फॉर्म्ड पुलिस यूनिट (एफपीयू) और एक काउंटर-इम्प्रोवाइज्ड विस्फोटक उपकरणाविस्फोटक आयुध निपटान इकाई के साथ-साथ एक के-9 इकाई और एक स्वाट पुलिस इकाई के गठन का संकल्प जताया है।**

संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक मंत्रिस्तरीय बैठक बुधवार को बर्लिन में संपन्न हुई। इसमें 130 से अधिक सदस्य देश और अंतरराष्ट्रीय साझेदार (कुल मिलाकर एक हज़ार से अधिक प्रतिभागी) संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक अभियानों के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि करने और उभरती वैश्विक चुनौतियों के सामने शांति अभियानों की प्रभावशीलता और अनुकूलनशीलता को बढ़ाने के उद्देश्य से ठोस प्रतिज्ञाओं की घोषणा करने के लिए एक साथ आए। कुल 74 सदस्य देशों ने प्रतिज्ञाएं कीं। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने भविष्य के लिए उपयुक्त शांतिरक्षक अभियानों को आकार देने तथा शांतिरक्षक अभियानों को अधिक अनुकूलनीय और लचीला बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सितंबर 2024 तक 10 मिशनों में 153 महिलाओं सहित 5,384 कर्मियों के साथ भारत संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक अभियानों में योगदान देने वाले शीर्ष देशों में से एक है। लगभग 180 भारतीय शांतिरक्षण के विभिन्न अभियानों में मारे गए हैं, जो किसी भी सैन्य योगदान देने वाले देश से अब तक की सबसे अधिक संख्या है। भारत ने 2007 में लाइबेरिया में पहली महिला एफपीयू तैनात की थी।

न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय की लगभग 100 कब्रों को अपवित्र किया गया

» लाहौर, भाषा।




**पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय की करीब 100 कब्रों को अपवित्र करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस नवीनतम घटना के साथ ही इस वर्ष देश भर में अहमदिया समुदाय के लोगों की अपवित्र की गई कब्रों की संख्या 250 से अधिक हो गई है। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के प्रवक्ता आमिर महमूद ने कहा कि कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) पर दो दिन पहले लाहौर से लगभग 250 किलोमीटर दूर खुशाब जिले में अहमदिया समुदाय के लोगों की कब्रों के पत्थर तोड़ने का संदेह है। खुशाब जिले के मिट्ठा तुवाना पुलिस स्टेशन ने स्थानीय अहमदिया समुदाय की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। महमूद ने कहा, धार्मिक चरमपंथियों ने खुशाब जिले के रोडा में स्थित कब्रिस्तान में लगभग 100 अहमदी कब्रों के पत्थरों को तोड़ दिया।**

जब अहमदी समुदाय के कुछ सदस्यों ने उक्त कब्रिस्तान का दौरा किया, तो उन्होंने पाया कि अहमदी कब्रों से संबंधित सभी कब्रों के पत्थरों को अपवित्र किया गया था। उन्होंने कहा, यह उल्लेखनीय है कि तहरीक-ए-लब्बैक, पाकिस्तान (टीएलपी) से जुड़े कुछ लोग स्थानीय अहमदिया निवासियों के खिलाफ नफरत फैलाने और हिंसा भड़काने में शामिल थे। उन्होंने कुछ पुलिस अधिकारियों पर स्थानीय अहमदिया लोगों पर इन कब्रों को गिराने के लिए दबाव डालने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हालांकि, अहमदिया समुदाय ने स्थानीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से सूचित कर दिया था कि वे ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय अहमदिया निवासियों ने दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्वाई के लिए जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) खुशाब को एक आवेदन सौंपा है। महमूद ने कहा कि सिर्फ इस वर्ष पाकिस्तान के 11 शहरों में 269 अहमदिया कब्रों को अपवित्र किया गया है।

## भगवान बुद्ध की शिक्षाएं और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है: संरा में भारत

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने अंतरराष्ट्रीय वेसाक दिवस 2025 के मौके पर कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं मतभेदों से ऊपर उठने के लिए प्रोत्साहित करती हैं और अनिश्चितता के मौजूदा समय में मार्गदर्शक हो सकती हैं। हरीश ने वेसाक के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के सह-मेजबान थाईलैंड और श्रीलंका के स्थाई मिशनों को धन्यवाद दिया और कहा कि इससे हमारे क्षेत्र के देशों को जोड़ने वाले सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध मजबूत होते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा मानवता की आध्यात्मिकता के प्रति समझ में बौद्ध धर्म के योगदान को स्वीकार करने के लिए वेसाक दिवस को मान्यता देती है।**



वेसाक को भारत में बुद्ध जयंती या बुद्ध पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है और यह वह दिन है जिस दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई। हरीश ने बुधवार को कहा कि बुद्ध का संयम बरतने का सिद्धांत आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा, भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज के अनिश्चितता के समय में मार्गदर्शक हो सकती हैं। उन्होंने कहा, बुद्ध की शिक्षाएं सरल और गहन हैं, जो हमें अपने मतभेदों से ऊपर उठने तथा प्रेम और दया के सार्वभौमिक बंधन को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। हरीश ने याद दिलाया कि पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनवात्रा के साथ वाट फो मंदिर की यात्रा के दौरान साझा विरासत पर और अधिक जोर दिया गया था। उन्होंने अप्रैल में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ मोदी की अनुराधापुरा स्थित श्रीलंका के पवित्र जया श्री महाबोधि मंदिर की यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, बौद्ध धर्म ने हमारी समग्र संस्कृति और बहुलवाद में प्रमुख भूमिका निभाई है। वेसाक दिवस संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय और संयुक्त राष्ट्र के अन्य कार्यालयों में प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

ऑपरेशन सिंदूर के बीच रेलवे का ऐतिहासिक कदम

## जवानों को लेकर कश्मीर पहुंची पहली ट्रायल ट्रेन

**कटरा, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में रणनीतिक रूप से बेहद अहम कटरा-काजीगुंड सेक्शन पर पहली ट्रायल स्पेशल ट्रेन सफलतापूर्वक चलाई। खास बात ये है कि इस ट्रेन में केवल सैनिक सवार थे। ये जवान छुट्टी पर थे और उड़ानों के रद्द होने के चलते फंसे हुए थे। इस खंड में विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, चिनाब ब्रिज को भी शामिल किया गया है। यह कदम सरकार की उस व्यापक योजना का हिस्सा माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। भारत-पाक तनाव के बावजूद, कश्मीर को शेष भारत से रेल के जरिए जोड़ने की योजना निर्बाध रूप से आगे बढ़ रही है।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम-** टाइम्स ऑफ इंडिया ने रेलवे सूत्रों के हवाले से लिखा है कि यह विशेष ट्रेन सुबह करीब 10 बजे कटरा से रवाना हुई और शाम 6 बजे वापस लौटी। पूरे सफर के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ट्रेन का यह सफर इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि यह सेक्शन भारत के सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स में से एक चिनाब ब्रिज को भी पार करता है।



इस ट्रायल रन को ऑपरेशन सिंदूर और मौजूदा भारत-पाक संघर्ष की पृष्ठभूमि में और भी अधिक अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सेक्शन का उद्घाटन पिछले महीने करने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण कार्यक्रम टाल दिया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि, फिलहाल यह ट्रायल केवल कटरा से काजीगुंड तक किया गया। काजीगुंड से बारामूला तक सामान्य ट्रेन सेवाएं पहले से ही जारी हैं। काजीगुंड को कश्मीर का प्रवेशद्वार भी कहा जाता है। यह केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पड़ता है।

### पहले ही हो चुका है वंदे भारत ट्रेनों का परीक्षण

गौरतलब है कि इससे पहले रेलवे ने कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेनों का परीक्षण किया था, लेकिन उन ट्रेनों में कोई यात्री सवार नहीं थे। बुधवार का यह ट्रायल रन इस मायने में भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पहली बार है जब किसी ट्रेन ने सैनिकों को लेकर इस सेक्शन को पार किया। अब तक जम्मू-कश्मीर की मुख्य भूमि से संपर्क का एकमात्र साधन राष्ट्रीय राजमार्ग था, जो कई बार खराब मौसम, बर्फबारी या भूस्खलन की वजह से बाधित हो जाता था। ऐसे में इस रेलमार्ग से जुड़े इस नए प्रयास को क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स और सेना की तेज आवाजाही के लिहाज से गेम चेंजर माना जा रहा है।

### यह क्या दर्शाता है ये ट्रायल रन?

सरकार कश्मीर को रेल नेटवर्क से जोड़ने के मिशन पर डटी हुई है, चाहे हालात कितने भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों। यह सेक्शन न केवल सेना के लिए, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक वैकल्पिक और तेज संपर्क साधन बन सकता है। सामरिक दृष्टि से यह रेल मार्ग देश की सुरक्षा नीति में एक नई दिशा का संकेत देता है। इस सफलता के बाद अब पूरे देश की निगाहें उस दिन पर टिकी हैं जब प्रधानमंत्री इस ऐतिहासिक रेलमार्ग का औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव, विदेश मंत्री एंड्री सीबिहा और यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री एरमक शामिल

## शांति वार्ता के लिए तुर्किए पहुंचे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की, पुतिन अनुपस्थित

» इस्तांबुल, भाषा।

**रूस का एक प्रतिनिधिमंडल यूक्रेन के साथ शांति वार्ता के लिए तुर्किए के शहर इस्तांबुल पहुंच गया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोव ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वहीं राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के नेतृत्व में यूक्रेन का एक प्रतिनिधिमंडल भी तुर्किए की राजधानी अंकारा पहुंच चुका है, जिसमें कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं हैं। इस बयान के बाद पश्चिमी देशों के अधिकारियों ने रूस की आलोचना की और कहा कि वह शांति प्रयासों को लेकर गंभीर नहीं है। क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन के करीबी व्लादिमीर मेदिंस्की रूसी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे, जिसमें तीन अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे।**



पुतिन ने वार्ता के लिए चार अधिकारियों को विशेषज्ञों के तौर नियुक्त किया है। इस सप्ताह की शुरुआत में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पुतिन को तुर्किए में व्यक्तिगत रूप से मिलने की चुनौती दी थी। जेलेंस्की ने कहा था कि वह तुर्किए की राजधानी अंकारा पहुंचकर तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन से मुलाकात करेंगे और पुतिन का इंतजार करेंगे। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव, विदेश मंत्री एंड्री सीबिहा और यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री एरमक शामिल हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने तुर्किए में अलग से हो रही उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठक में कहा, अब, तीन साल की भारी पीड़ा के बाद, अंततः एक अवसर आया है। इस्तांबुल में होने वाली वार्ता से एक नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है। यूक्रेन के राष्ट्रपति के सलाहकार मिखाइलो पोडोल्याक ने कहा कि जेलेंस्की केवल पुतिन के साथ ही वार्ता की मेज पर बैठेंगे। यूक्रेन के अधिकारी के अनुसार, यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल रूस के प्रतिनिधिमंडल से कब और कहां मिलेगा, इस बारे में विवरण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन जेलेंस्की और अर्दोआन की मुलाकात के बाद यह स्पष्ट होने की उम्मीद है। यूरोपीय देश फिनलैंड की विदेश मंत्री एलिना वाल्टोनेन उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सम्मेलन के लिए तुर्किए के ही शहर अंताल्या में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस गंभीर शांति प्रक्रिया में शामिल होने का इच्छुक नहीं है। उन्होंने कहा, हमारे पास एक कुर्सी खाली है, जो व्लादिमीर पुतिन की कुर्सी है। इसलिए अब मुझे लगता है कि पूरी दुनिया को एहसास हो गया है कि केवल एक ही पक्ष है जो गंभीर शांति वार्ता में शामिल होने के लिए तैयार नहीं है, और वह निश्चित रूप से रूस है। तुर्किए में मौजूद फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां नोएल बैरेंट ने भी वाल्टोनेन की बात का समर्थन करते हुए कहा, यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के सामने एक खाली कुर्सी है, जिस पर व्लादिमीर पुतिन को बैठना चाहिए था। व्लादिमीर पुतिन अपने कदम पीछे खींच रहे हैं।

## तुर्की के बॉयकॉट के सवाल पर कन्नी काटने लगे कांग्रेस प्रवक्ता

### भाजपा ने कसा तंज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी की बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में तुर्की और अजरबैजान के बहिष्कार को लेकर पूछे गए सवाल पर पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश और पवन खेड़ा जवाब देने से कतराते नजर आए। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे की ओर माइक पास करते हुए सवाल को टालने की कोशिश की, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्या हुआ?

कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक पत्रकार ने तुर्की के खिलाफ भारत में बढ़ते बहिष्कार के आह्वान पर पार्टी का रुख पूछा। ये दोनों देश खुलकर पाकिस्तान का समर्थन करते दिखे थे। ऐसे में सवाल का जवाब देने के बजाय, कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश और मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा एक-दूसरे को माइक पास करते नजर आए। पवन खेड़ा ने आखिर में कहा, हम इस मुद्दे पर बाद में बात करेंगे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद बीजेपी ने इसे कांग्रेस की राष्ट्र-विरोधी मानसिकता का सबूत बताया।



### बीजेपी का हमला

बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने इस घटना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस देश के व्यापक जनभावनाओं के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, तुर्की और अजरबैजान द्वारा आतंकी देश पाकिस्तान को दिए जा रहे समर्थन से देश गुस्से में है। इन देशों के साथ व्यापार और पर्यटन का बहिष्कार करने की मांग बढ़ रही है और निजी नागरिक एकजुटता में खड़े हो रहे हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी खुद को भारतीय लोगों की व्यापक भावना के साथ भी नहीं जोड़ पा रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि यह जनता से इतनी कटी हुई है। यह अपनी राजनीतिक गुमनामी और पूर्ण अलगाव की हकदार है।

### कांग्रेस का पलटवार

जवाब में, कांग्रेस ने बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर फैसले लेना सरकार का काम है, न कि विपक्ष का। पवन खेड़ा ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, चूंकि यह सवाल बीजेपी के एक पदाधिकारी ने उठाया है, इसलिए प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को तुरंत स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भारत सरकार ने तुर्की के साथ सभी राजनयिक और व्यापारिक संबंध तोड़ दिए हैं और क्या भारत में तुर्की का दूतावास बंद कर दिया गया है। जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर बीजेपी को घेरते हुए कहा, इसी तरह, प्रधानमंत्री कार्यालय और एस. जयशंकर को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि मोदी सरकार ने चीन के साथ सामान्यीकरण की प्रक्रिया क्यों शुरू की, जबकि वह भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण कर रहा है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,